वित्त मंत्री (चौधरी खुर ाीद अहमद): डिप्टी स्पीकर साहब, यदि कोई मैम्बर आपकी रूलिंग को चेलें करे तो यह रूल के खिलाफ है। (विघ्न)

चौधरी गंगा रामः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा यह कहना है कि खादी बोर्ड के चेयरमैन के खिलाफ लाखों रूपए के गबन का एलीगे ान है। वह गवर्नमैंट का अप्वायंट किया हुआ चेयरमैन है। वह हरियाणा खादी बोर्ड को लूट कर खाने लग रहा है। इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है ? (विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः गंगा राम जी आप बैठ जाएं। यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं हैं। (ाोर एवं विघ्न) गंगा राम जी आप बैठ जाईए ? (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी गंगा रामः डिप्टी स्पीकर साहब, मै। आपकी रूलिंग को चैलेंज नहीं करता। मैं तो यह कहता हूं कि खादी बोर्ड के चेयरमैन ने लाखों रूपये का गबन किया है। (ाोर एवं विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः चौधरी गंगा राम जी यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है। आप बैठ जाईए। (ाोर एवं विघ्न) गंगा राम

जी आप बैठ जाईए वरना मैं आपको नेम कर दूंगा। (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी संत कंवरः डिप्टी स्पीकर साहब, मैंने ऐलीगे ान नहीं लगाया। मैंने तो यह कहा है चूंकि चौधरी भजन लाल जी कहते हैं कि मेरा गुण्डों से कोई ताल्लुक नहीं है इएलिये मैंने यह कहा था कि हरि राम नाम का आदमी है उस पर सुप्रीम कोर्ट ने और हाई कोर्ट ने स्ट्रिक्चर पास कर रखा है (व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहब, उस आदमी का नाम लेने से इनके पेट में दर्द होता है। ऐसे आदमी का नाम कहां नहीं लिया जाता। इन्होंने एक ऐसे आदमी को मार्किटिंग बोर्ड का मैम्बर और मालिक बना रखा है जोकि स्टेट को अपने पद के जरिये लूट रहा है, डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि चौधरी भजन लाल जी ने एक नया काम भाुरू किया है। उस काम पर चौधरी खुर ाीद अहमद जी ने अपनी बजट स्पीच में यह नहीं लिखा कि कितना खर्चा होगा। वह नया काम है कि हरियाणा के मुख्य मंत्री का इतिहास लिखा जाएगा। डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा प्रदे ा का इतिहास तो लिखा जाना चाहिए लेकिन मुख्य मंत्री का इतिहास नहीं लिखा जाना चाहिए। अगर मुख्य मंत्री का इतिहास लिखना है तो उसमें यह लिखना चयाहिए कि मुख्य मंत्री दलबदल कर आए हैं। एक नवम्बर, 1966 जब से हरियाणा प्रान्त बना है तब से हरियाणा का इतिहास लिखा जाना चाहिए। इससे सारा पता लग जाएगा कि किन किन मुख्य मंत्रियों के सामय में हरियाणा प्रदे ा

की तरक्की हुई, कौन मुख्य मंत्री हरियाणा को बनाने का काम करता था और कौन मुख्य मंत्री दल बदली करके हरियाणा को डूबोने का काम करता था जिस मुख्य मंत्री ने बार बार दल बदल कर सारे हरियाणे कानाम भारत भर में बदनाम किया है ऐसे मुख्य मंत्री का इतिहास नहीं लिखा जाना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मै। नाथपा झाकड़ी के बारे में अर्ज करना चाहता हूं और इस बारे में मैंने सवाल भी दिया था। अगर यह प्रौजैक्ट कम्पलीट हो गया तो हरियाणा में बिजली की कमी पूरी हो सकती है। इसके लिए सरकार ने प्रावधान तो किया है लेकिन मुझे यह प्रौजैक्ट पूरा होता नजर नहीं आता। सरकार ने हरियाणा की जनता के साथ धोखा किया है क्योंकि नाथपा झावड़ी से बिजली लेने के बारे में जो समझौते पहले हुए थे, वे दो बार बदल दिये गये। इस प्रोजैक्ट से हरियाणा को जो बिजली मिलनी थी उसमे से 5 प्रति ात उत्तर प्रदे ा को दी जा रही है। इसके अलावा बजट में यह भी कहीं नहीं लिखा गया कि यह प्रोजेक्ट कितने दिनों के अन्छर कम्पलीट होगा। एक साल के अन्दर कम्पलीट होगा या 4 साल के अन्दर कम्पलीट होगा। कुछ न कुछ तो टाईम लिमिट होनी चाहिए कि इतने दिनों के अन्दर प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे, लेकिन सरकार ने उस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया।

डिप्टी स्पीकर साहब, इसी तरह मैं एम्पलायमैंट के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। सरकार कहती है कि वह बेरोजगारों को

मिटाने का इन्तजाम करेगी। एक तरफ तो लोगों को रोजगार देने के वायदे किये जाते हैं और दूसरी तरफ खुर ीद भाई कहते है क नई भर्ती नहीं करेंगे। ये दोनों बातें आपस में कंट्राडिक्टरी हैं और इस हिसाब से यह कंट्रोवर्ि ायल बजट साबित होता है। डिप्टी स्पीकर साहब, खुर ीद भाई के वित्त मंत्री बनने के बाद हरियाणा के तीन हजार लड़के, जो सर्विसिज में पहले से लगे हुए थे, एक ही दिन में अपने रोजगार से हटा दिये गए। जहां तक कोआप्रेटिव डिपार्टमेंट का ताल्लुक है, ठाकुरी बीर सिंह जी यहां बैठे नहीं हैं। मैं बड़े अफसोस से कहता हूं कि कोआप्रेटिव डिपार्टमैंट में जो सेल्ज मैन भर्ती किए जा रहे हैं, उनमें सिर्फ दो ही कौम के लड़के भर्ती किए जा रहे हैं। यह मुख्य मंत्री के लिए बड़ी अ ाोभनीय बात है। इन्होंने सिर्फ दो कौमों को ही लिया, बाकी प्रदे ा के गरीब लड़कों को बिल्कुल ध्यान नहीं रखा गया। ऐसा करने से उनकी रोजगार मिलने की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। दो कौमों के लड़के सिर्फ इसलिए लिये हैं कि वे इस कौमों के वजीर है। यह कहते हैं कि मैं सहकारिता महकमें का वजीर हूं, इसलिए मेरी कौम के लड़के ही इस महकमें में लगेंगे। मुख्य मंत्री जी कहते हैं कि मैं मुख्य मंत्री हूं इसलिए मेरी कौम के लड़के आयेंगे और जो लोक दल से ताल्लुक रखते हैं उनका एक भी लड़का सर्विस में नहीं आएगा। इन्होंने चुनाव लड़ना है और चुनाव के दौरान जो लोग कौम का प्रचार करते हैं और कहते हैं कि यह हमारे साथ नहीं है, इस आधार पर ये लोगों से वोट मांगते हैं। आज दूसरी कौमों के आफिसर्ज को तंग किया जा रहा

है। इनके द्वारा एक कौम या दो कौम का प्रचार करना बड़ी अफसोसनाक बात है। मैं चौधरी मेहर सिह राठी से कहना चाहता हूं कि क्या इस तरीके से कभी प्रदे ा चल सकता है ? क्या किसी दूसरे प्रदे ा में इस तरह से होता है कि एक दो कौमों के लड़के ही सर्विस में लिए जाएं ? चौधरी रिजक राम ने इस मुद्दे को उठाया था कि हरियाणा सरकार एक जाति वि ोश को हर मामले में नजर अंदाज कर रही है। इसलिए उनको वजारत से निकला दिया गया। अब उन्होंने श्रीमति इंदिरा गांधी को मैमोरैडम लिख कर दिया है, उसमें क्या लिखा है, वह तो वही जानते हैं। (ाोर एवं व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, एक बात मैं रावी ब्यास के पानी के बारे में कहना चाहता हूं। सरकार ने बजट में लिख दिया कि 6 करोड़ रूपया रावी ब्यास के पानी को हरियाणा में लाने के लिए रखा गया है। मैं पूछना चाहता हूं कि इस रूपये को किस चीज पर खर्च करेंगे जब कि पंजाब सरकार नहर खोदने की इजाजत ही नहीं देना चाहती। हरियाणा सरकार ने पानी लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट में मुकद्दमा किया और सोचा था कि सुप्रीम कोर्ट हरियाणा के हक में फैसला देगा। अब उन्हें मालूम हो रहा है कि हरियाणा के हक में फैसला नहीं होगा। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ` अन्दर हरियाणा सरकार के वकीम ने कहा कि फैसला अभी मत दो और तारीख पर तारीख देते रहो। यह रिकार्ड की बात है कि हरियाणा की तरफ से वकील ने कहा है कि फैसला मत दो। हमारी

पोलिटिकल सिचुए ान कुछ ऐसी है कि भाायद आप डिसीजन नहीं दे पाओगे, इसलिए इस फैसले को आप पोस्पोन कर दो। इस बात की सारी जिम्मेदारी सरकार की है। (ाोर) रोजाना तारीखें डलवाई जाती है और डिप्टी स्पीकर साहब, यह हरियाणा की जनता के साथ निरा धोखा है। जब तक लोक दल की सरकार नहीं आएगी तब तक रावी ब्यास का पानी हरियाणा में नहीं आ सकता। (व्यवधान) हमने अपने भाासनकाल में जनता की सेवा करने के लिए ड्रेनेज खोदी, जमींदारों को पूरा पानी दिया और पूरी बिजली दी लेकिन तुम्हारी तरह नहीं कि लाखों रूपए के सौदे करके दूसरों की बिजली काट कर कारखानेदारों को दी हो। डिप्टी स्पीकर साहब, राठी साहब किसान का नाम लेते हैं, हरिजन का नाम लेते है। क्या इन्होंने किसान की तरफ और हरिजन की तरफ कभी नजदीकी से देखा भी है। आज किसान की क्या हालत है ? डिप्टी स्पीकर साहब, इस बारे में मैं एक बात कहना चाहता हूं। आज ला एण्ड आर्डर की सिचुए ान बड़ी गंभीर है। मैं कलावड़ गांव की मिसाल देता हूं। (घंटी) उस गांव में दो गुंडे गये। उन्होंने एक ब्राहाण की लड़की के साथ रेप किया। उस मौके पर उस लड़की का भाई हाजिर था। वह 10–12 साल का लड़का था। वह भाग कर भाोर मचाता हुआ गांव में आया और कहा कि उसकी बहिन को गुंडे पकड़े हुए हैं। गांव के एक आदमी ने एक गुंडे को पकड़ा लेकिन उसने उस पर गोली मार दी। इस तरह इस हादसे में वह आदमी भाहीद हुआ। वे दो गुंडे थे। उनमें से एक को तो गांव वालों ने पकड़ लिया लेकिन दूसरे को पुलिस

आज तक गिरफ्तार नहीं कर सकी। तो ला एण्ड आर्डर की आज यह हालत है। इसी तरह से एक औरत का बच्चा उठा लिया गया और उसके एवज में 25000 रूप्या मांगा गया लेकिन पैसा न देने पर उस बच्चे का कत्ल कर दिया गया। जहां ला एण्ड आर्डर इस तरह खाब हो और सरकार हाउस में कहे कि ला एण्ड आर्डर बिल्कुल ठीक है, यह कितने अफसोस की बात है।

डिप्टी स्पीकर साहब, चौधरी गया लाल जी ने चौधरी छोटू राम जी का जिक्र किया। चौधरी गया लाल जी को अपने मुंह से चौधरी छोटू राम जी का नाम नहीं लेना चाहिए था। चौधरी छोटू राम जी तो ऐसी हस्ती थे, अगर वे आज जिन्दा होते तो पाकिस्तान न बनता और पंजाब का बंटवारा न होता। चौधरी गया लाल को भाायद पता नहीं, उनके हरिजन लीडर चौधरी चांद राम को ऊपर उठाने में चौधरी छोटू राम जी का ही हाथ था। जहां तक चौधरी छोटू राम की जयन्ती मनाने का सवाल है, वह सरकार ने नहीं मनाई, लोक दल ने मनाई है। चौधरी भजन लाल की सरकार जयन्ती नहीं मना सकती। जब लोक दल की सरकार बनेगी वही जयन्ती मनाएगी। इन भाब्दों के साथ डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

चौधरी प्रताप सिंह ठाकरान (गुड़गांव): डिप्टी स्पीकर साहब, 1981–82 का जो बजट सरकार ने रखा है, इसके लिए मैं मुख्य मंत्री साहब को और वित्त मंत्री साहब को मुबारिकबाद देता हूं कि इससे अच्छा बजट इस प्रदे ा के लिए और कोई नहीं हो

सकता और न ही ऐसा बजट पहले कभी आया है। यह बजट प्रोग्रेसिव है, औरिएंटेड है और गरीब लोगों को राहत देने वाला है। इसकी डिटेल में जाने की मैं जरूरत नहीं समझता लेकिन जो प्रोवीजन एग्रीकल्चर के लिए फारेस्टे ान के लिए, वैटरनरी सर्विसिज के लिए और दूसरे महकमों के लिए किया गया है वह काबिले तारीफ है, इससे समाज के हर वर्ग को राहत मिलेगी। डिप्टी स्पीकर साहब, सैन्ट्रल गवर्नमैंट से छठी पांच साला योजना के लिए हमारे प्रान्त को फण्डज की जो एलोके ान हुई है, उसका मुकाबिला हमारे दे ा का कोई दूसरा प्रान्त नहीं कर सकता। छठी पांच साला योजना के लिए हमें 1800 करोड़ रूपया दिया गया है और यह अमाउंट स्टेट की आबादी के लिहाज से और एरिये के लिहाज से तकरीबन दोगुना है। इसी तरह से 1981–82 के प्लान के लिए 290 करोड़ रूपये का प्रोवीजन किया गया है। यह भी बहुत अच्छी अमाउंट है। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरे विरोधी पक्ष के भाई डैफिसिट बजट होने के नाते कुछ टीका टिप्पणियां कर रहे थे। मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि प्रौग्रैसिव बजट वही होता है जिसमें डैफिसिट होगा। हमारा डैफिसिट 37 करोड़ का है और हमारी सरकार का इरादा है कि इस डैफिसिट को टैक्स लगाकर पूरा नहीं किया जाएगा। इसको पूरा करने के लिए इकोनोमिक मैबर्ज उठाये जायेंगे, टैक्स इवेजन को रोकेंगे ओर सेल्ज टैक्स की रिकवरी करेंगे। डिप्टी स्पीकर साहब, जो मसले तमाम दे ा के सामने हैं, वही हमारे प्रान्त के सामने हैं। एक एनर्जी का है, पावर का है और दूसरा पापुले ान ग्रोथ का है। जहां तक एनर्जी की

कंजम्प ान की बात है, यह दे ा और प्रदे ा की उन्नति को बताती है। इस समय हमारे यहां पावर की भाौर्टेज है। लेने वाले ज्यादा हैं और सप्लाई कम है। इसके लिए मैं सरकार के सामने इस सदन में कुछ सुझााव रखूंगा। लाईन लौसिज हालांकि हमारे प्रदे ा में सबसे कम हैं फिर भी मैं समझता हूं कि इनको और कम किया जा सकता है, थैफ्टस को कम किया जा सकता है। नए प्रौजैक्टस जैसे नाथपा झााकड़ी ळै, वस्ट्रन यमुना हाइड्रो प्रोजैक्ट है, पानीपत और फरीदाबाद में थर्मल प्लांट्स की एक्सटैन् ान का काम है, उनको सरकार प्रॉयरिटी देकर जल्दी से जल्दी पूरा करे। चाईनीज पैट्रन पर कैनाल्ज पर स्माल हाइड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजैक्टस लगाए जांए चाहे उससे हम 5 गांवों को बिजली दे सकें या 10 गांवों को बिजली दे सकें। उपाध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार को चाहिए कि जहां जहां भी हम अपने रिसोर्सिज को यूटिलाईज कर सकें, करना चाहिए क्योंकि आप जानते हैं कि पावर पूरी न मिनले की वजह से प्रोग्रैस में रूकमावट आती है। इसके लिए तो मै। समझता हूं कि अगर प्राईवेट ऐन्टरप्रन्योर्ज की भी मदद ली जाए तो कोई बुरी बता नहीं होगी। सोलर ऐनर्जी की यूटीलाइजे ान के लिए भी ज्यादा से ज्यादा कदम हमारी सरकार को उठाने चाहिएं। इस सिलसिले में डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक बात और कहना चाहता हूं। पिछले दिनों पावर बोर्ड के इंजीनियर्स ने एक ऐजीटे ान किया था। मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ताह है कि जो लोग अच्छी नौकरियों पर हैं, जो सोसाइटी में मिडल क्लास या अपर क्लास में हैं, वे भी

अगर एजीटे ान करें तो इससे बुरी बात कोई हो नहीं सकती। इस एजीटे ान से स्टेट को जितना नुकसान हुआ है उसको गिना नहीं जा सकता। मैं यह चाहता हूं कि एसैन्ि ायल सर्विसिज करार देकर के इस तरह के लोगों को चाहे वे इंजीनियर्ज हों, डाक्टर्ज हों या कोई और वैलपेड आदमी हों, एजीटे ान करने का कोई हक नहीं होना चाहिए।

जहां तक पापुले ान ग्रोथ का सवाल है, इसे चैक करना किसी एक पार्टी के बस की बात नहीं है। इसके बारे में राश्ट्रीय स्तर पर तमाम पार्टीज को सोचना होगा। क्योंकि इस सम्बन्ध में अगर कांग्रेस पार्टी कोर्ठ कदम उठाती है तो चौधरी उदय सिंह दलाल और चौधरी गंगा राम जी की पार्टी उसका विरोध करती है। इसलिए मैं कहता हूं कि इस बारे में तमाम पार्टीज को सोचना होगा। इसके लिए हमें एक कंप्रिहैंसिव ला बनाना पड़ेगा, अगर हम दे ा का भला चाहते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, कर्जे की माफी की बात इन्होंने कही। लेकिन मेरे ख्याल में कर्जा माफ करना कोई अच्छी प्रथा नहीं है। एक मु त अगर कोई कर्जा किन्हीं हालात की वजह से न दे सकें तो उसकी कि तें तो हो सकती हैं लेकिन कर्जा माफ नहीं होना चाहिए। इससे सारे स्टिम में खराबी आ जाएगीं लेकिन रिकवरी का जो सिस्टम है, वि ोश करके बैंकस की रिकवरी का, वह निहायत ही खराब है। मिसाल के तौर पर कोई कमर्ि ायल बैंक यदि 5 हजार रूपये लोन के ऐडवांस करता है तो उसको रिकवर करने के

दो सिस्टम हैं। एक तो जनरल सिविल ला के तहत रिकवरी हो सकती है। दूसरे हरियाणा ऐग्रीकल्चर क्रेडिट आपरे ान एंड मिसलेनियस प्रोविजन्ज (बैंक) एक्ट, 1973 के तहत रिकवरी हो सकती है। इन दोनों सिस्टमज के तहत 5 हजार रूपये एडवांस की रिकवरी की जो फिग्गर्ज बनती है, वे मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। जनरल सिविल ला के तहत कोर्ट फीस 870 रूपये लेकिन 1973 के एक्ट के तहत केवल दो रूपये होती है। इसी तरह से सूट फाईल करने से पहले की फीस जनरल सिविल ला के तहत 55 रूपये लेकिन 1973 के एक्ट के तहत निल है। साढ़े सात परसेंट के हिसाब से लायर्ज फीस जनरल सिविल ला के तहत 375 रूपये और दूसरे ला के तहत 55 रूपये बनती है। जनरल सिविल ला के तहत सारा खर्चा 1290 रूपये बैठता है जबकि 1973 के एक्ट के मुताबिक यह केवल 57 रूपये बैठता है। इसमें होता क्या है ? बैंक्स के मैनेजर्ज और दूसरे आफिसर्ज अपने कुछ लायर्ज को औबलाइज करने के लिए ऐसा करते है। (विघ्न) हमारी स्टेट के हाथ में यह बात नहीं है लेकिन हमारी सरकार की तरफ से सैन्ट्रल गवर्नमैंट को इस तरह का कोई पत्र जाना चाहिए कि जनरल सिविल ला के तहत रिकवरी बंद होनी चाहिए और 1973 के एक्ट के मुताबिक की जानी चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, मैं चाहता हूं कि फरटाईल और इरीगेटिड लैंड की ऐक्विजि ान कानून द्वारा बंद कर देनी चाहिए। जरूरी नहीं कि ऐक्सपैन ान भाहर के साथ ही हो। भाहर से एक

मील चार मील या पांच मील के फासले पर जहां कल्लर जमीन हो, बंजर जमीन हो, वह जमीन ऐक्वायर होनी चाहिए। इसके लिए बकायदा कोई ला हमारी सरकार को बनाना चाहिए और कम्पनसे ान भी एडिक्वेट होना चाहिए तथा टाईम पर मिलना चाहिए। यह नहीं होना चाहिए कि लोग चाहे कोर्ट से जीत जाएं, सुप्रीम कोर्ट से जीत जाएं मगर सरकार उनको पैसा न दें। यह कोई अच्छी बात नहीं है। इसके बारे में सरकार को सोचना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, गुड़गांव, तहसील, सोहना का इलाका जो कि आपका हल्का है और पटौदी का इलाका एक ऐसा इलाका है जहां न तो ट्यूबवैल है और न ही कैनाल है। इसलिए गुड़गांव कैनाल में से एक ब्रांच सहजादपुर के पास से या जहां से भी इंजीनियर्ज ठीक समझें वहां से, गुड़गांव तहसील के लिए उपलब्ध कराई जाए। इसी तरह से मसानी बैराज से पटौदी और फरूखनगर के लिए एक नहर होनी जरूरी है।

डिप्टी स्पीकर साहब, भाहरों मे जो अनअथेराइज्ड कालोनीज हैं उनको सर्वे आज तक नहीं हुआ। उनके सर्वे का काम बहुत जल्दी करवाया जाए क्योंकि वे लोग ऐसैन्ि ायल ऐमेनिटोज से, चाहे वे वाटर सप्लाई की हैं, पक्की सड़कों की हैं, या बिजली की हैं, वंचित न रहे। इस तरह की ऐमेनिटीज उनके लिए देना जरूरी है। इन भाब्दों के साथ मैं अपने वित मंत्री और

अपनी सरकार का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने इतना अच्छा बजट प्रदे ा के लिए बनाया है।

श्री देवी लाल (सोनीपत): डिप्टी स्पीकर साहब, 16 मार्च को वित्त मंत्री जी ने 1981–82 का जो बजट पे ा किया है उसका विरोध करने के लिए मैं खडत्रा हुआ हूं। यह विरोध मैं इसलिए नहीं कर रहा हूं कि मैं अपोजी ान बैंचिज पर बैठा हूं बल्कि इसलिए कर रहा हूं कि इसमें 50 करोड़ रूपये का घाटा दिखा गया है और कोई टैक्स नहीं लगाया गया है, जिससे सरकार की नियत पर हमें भाक होता है कि यह आगे चलकर टैक्स लगाएगी। मेरे कुछ भाई यहां कह रहे थे कि यह किसान विरोधी बजट है लेकिन मैं कहता हूं कि यह केवल किसान विरोधी ही नहीं बल्कि इन्सान विरोधी बजट है। इसके लिए मैं मिसाल भी देता हूं। इन्होंने अपने बजट में 19 करोड़ 20 लाख रूपए होम डिपार्टमेंट के लिए रखे हैं लेकिन सारी स्टेट में ला एण्ड आर्डर की जो हालत है वह सबके सामने है। हिसार, घरोंडा और सोनीपत में जो घटनाएं घटीं हैं उनसे सिद्ध होता है कि यह बजट इन्सान विरोधी बजट है। (विघ्न) सोनीपत में जी.टी. रोड पर दो डकैतियां पड़ी है। चंडीगढ़ में तो उनका पता लग गया लेकिन सोनीपत के एस.पी. को पता नहीं लगा। यही नहीं, मैं सरकार का ध्यान एक और घटना की ओर दिलाना चाहता हूं। सोनीपत में एक जगह खरखौदा है। वहां तीन आदमियों के एक सिख परिवार को कत्ल कर दिया गया है। उनको केवल गोली ही नहीं मारी गई

बल्कि छुरों से भी मारा गया। एक एक आदमी के 40–40 छुरे लगे हुए थे। जिस आदमी के साथ यह घटना हुई, वह एक कांग्रेस (आई) एम.पी. के चचाजात भाई थे। मैं इस बजट को इन्सान विरोधी न कहूं तो और क्या कहूं। यह इतनी बड़ी ज्यादती है इस का जवाब सरकार को देना चाहिए। तीन कत्ल हुए लेकिन फिर भी कुछ नहीं बिगड़ा। पुलिस ने ऐसे ही लोगों को पकड़ लिया और असली मुलजिम अभी तक नहीं पकड़े गये हैं।

यह सरकार देहातों की बात करती है कि हमने देहातों की उन्नति के लिए पचास परसैन्ट पैसा रखा है। मैं आपके जरिए से अपने हल्के में बड़वासनी गांव को एक मिसाल देना चाहता हूं। वहं पर इस सरकार ने साइफन बनाया था लेकिन वह इतना छोटा है कि जो फ्लड का पानी जमा होता है वह उसमें से पूरा नहीं निकलता है। साइफन छोटा होने के कारण सारा फ्लड का पानी आसपास के एरिया की जमीन में भर जाता है। चौधरी हरद्वारी लाल की अध्यक्षता में एक फ्लड कमेटी बनी थी उस वक्त भी इस विशय में जिक्र आया था। कमेटी ने उस साइफन के बारे में रिपोर्ट दी थी कि यह चौड़ा होना चाहिए परन्तु आज तक वह यों का यों ही है। अब पता नहीं लगता कि कौन सा महकमा यह काम करता है। उसको ड्रेनेज वाले करते हैं या नहर वाले करते हैं, कुछ पता नहीं चलता। ड्रेनेज वाले किसी भी ड्रेन को खोदा हुआ दिखा देते हैं और पैसा भी ले लेते हैं लेकिन असल में वहां पर कोई काम नहीं होता। इसी प्राकर से इस साइफन की पोजी ान

है, वह आज तक नहीं बन पाया है। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि उस साइफन को जल्द से जल्द बनाया जाये ताकि गांव फ्लड से बच सके।

दूसरी बात मैं यह भी अर्ज करना चाहता हूं जिसके बारे में किसी भी मैम्बर ने ध्यान नहीं दिखाया है। कस्टोडियन डिपाटमैंट ऐसा डिपार्टमैंट है जिसके बारे में सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। कस्टोडियन डिपार्टमैंट का तहसीलदार जाता है और प्लाट नीलाम करके आ जाता है। इस बारे में रूल यह ळे कि जब भी कोई आदमी मौके पर बोली दगा उसकी वहीं मौके पर पोजै ान दे दिया जायेगा लेकिन इस सरकार के टाईम में पोजै ान देना तो दूर रहा उन लोगों के प्लाटों पर दूसरे लोग कब्जा किये बैठे हैं। सोनीपत के अन्दर ऐसी बहुत मिसालें हैं। कस्टोडियन, वक्फ बोर्ड और म्युनिस्पिल कमेटी ये तीनों डिपार्टमैंट ऐसे हैं, इन्होंने सैंकडों लोगों को तबाह कर रखा है। कस्टोडियन से प्लाट लिया जाता है लेकिन उसको म्युनिसिपल कमेटी लीज पर दे देती है। ये तीनों डिपार्टमैंट सरकार के अदायरे हैं इनके बारे में फैसला होना चाहिए कि कौन सा प्लाट वक्फ बोर्ड का है और कौन सा प्लाट म्युनिस्पिल कमेटी या कस्टोडियन का है।

डिप्टी स्पीकर साहब, इसी तरह से एक और भी बात आपके नोटिस में लाना चाहता हूं। सोनीपत में सी.आर.ए. कालेज है। यह बहुत बड़ा कालेज है। हसमें ज्यादातर देहता के लड़के पढ़ते हैं। वहां पर पिछले दिनों प्रबन्धक समिति का चुनाव हुआ

था। जो प्रबन्धक कमेटी बनी थी उसने रजिस्ट्रार सोसायटीज के पास चुनाव की कापी भेजी लेकिन वहां से एतराज लग कर वापिस चली गई कि यह इलैक ान गलत हुआ है। उसी प्रकार से डी.पी. आई. ने भी एतराज लगा कर वापिस भेज दिया कि इलैक ान गलत हुआ है। फिर न जाने रजिस्ट्रार कोआप्रेटिव सोसायटीज के पास कितने पैस पहुंच गये। उस एतराज को ठीक कर दिया गया और उस बॉडी को मान लिया। इससे ज्यादा क्र ान और कोई नहीं हो सकती।

डिप्टी स्पीकर साहब, दो करोड़ 27 लाख रूपया सीवरेज और वाटर सप्लाई स्कीम के लिए रखा गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, भाहरों के अन्दर पानी और सीवरेज की बहुत बुरी हालत है। सरकार के चार डिपार्टमैंट काम करते है, इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट, हुड्डा, म्युनिसिपल कमेटी और हाउसिंग बोर्ड। हाउसिंग बोर्ड, हुड्डा और इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट अपनी जो कालोनियां बनाते है।, उनमें सीवरेज सिस्टम चालू करके देते हैं लेकिन म्युनिस्पिल कमेटी एरिया में सीवरेज नहीं डाली जाती है और न ही वहां पानी का प्रबन्ध किया जाता है। पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट के पास सारा नक ाा होता है। इन चारों डिपार्टमैंट्स को मिल कर सीवरेज डालनी चाहिए ताकि दूसरे इलाके के लोगों को भी लाभ हो सके।

इसी प्रकार से रूरल इन्डस्ट्री की स्कीम की तरफ भी मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। यदि कोई गरीब आदमी गांव में कोई यूनिट लगाता है तो उसको सरकार की तरफ से मंजूरी

तो दे दी जाती है लेकिन बैंक उनको पैसा नहीं देता है। सरकार की यह स्कीम है कि अगर कोई पढ़ा लिखा नौजवान रूरल एरिया में इन्डस्ट्री लगाना चाहता है तो दस हजार रूपये सरकार देगी, दस हजार रू. वह खुद लगाएगा और 80 हजार रूपया थोड़े ब्याज पर बैंक से मिलेगा लेकिन किसी भी पढ़े लिखे बेरोजगार को इस स्कीम के तहत पैसा नहीं दिया जा रहा है। इसलिए मैं इस बजट का विरोध करता हूं यह सब गलत बातें इसमें कही गई हैं।

मैं आपका ध्यान एजुके ान डिपार्टमैंट की ओर भी खींचना चाहूंगा। अभी मेरे भाई कह रहे थे कि भारतीय जनता पार्टी के और लोक दल के सदस्य रिजर्वे ान के खिलाफ है और कांग्रेस पार्टी वाले रिजर्वे ान चाहते हैं। मेरे पास एक लैटर है जो हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति कल्याण संघ की ओर से दिया गया है। इसमें लिखा गया है कि 1—10—1980 को एजुके ान डिपार्टमैंट ने दस हजार टीचर्ज लिए हैं लेकिन उनमें हरिजनों को बिल्कुल नहीं लिया गया। वे लोग हरिजनों की बात तो कहते हैं परन्तु दस हजार टीजचर्ज में एजुके ान विभाग ने एक भी हरिजन को नौकरी नहीं दी। हरियाणा में कोई भी ऐसा डिपार्टमैंट नहीं जिसमें रिजर्वे ान पूरी हो। यह सरकार खाली नारे लगाती है। चाहे एग्रीकल्चर है, चाहे इन्डस्ट्री है किसी भी डिपार्टमैंट में रिजर्वे ान पूरी नहीं है।

डिप्टी स्पीकर साहब, आज से एक साल या डेढ़ साल पहले सरदार लछमन सिंह पीनाना गांव में वाटर सप्लाई स्कीम के

लिए पत्थर रख कर आए थे। पता नहीं आज वह पत्थर कहां चला गया। इसी प्रकार से सी.एम. साहब ने भी कहा था कि सोनीपत में 150 बैड्ज का हस्पताल बनाया जायेगा। वहां पर जमीन इक्वायर की गई, लाखें रूपया खर्च किया गया लेकिन पता नहीं क्या अड़चन हुई कि वह हस्पताल बना ही नहीं। इस सरकार द्वारा जो पत्थर रखे जाते हैं वे पत्थर ही बन कर रह जाते है। यह सरकार खाली दिखावा करती है, प्रैक्टिकल रूप से कुछ नहीं करती। इसलिए मैं इस बजट का विरोध करता हूं।

12.00 बजे

श्री सुरेन्द्र सिंह (तो ाम): उपाध्यक्ष महोदय, यह जो बजट सरकार की तरफ से पे ा हुआ है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह बड़ा अच्छा बजट है। इस बजट में हरिजनों के लिए, किसानों के लिए और आम छोटे व्यापारी के लिए बहुत सुविधाएं दी गई है। मेरे लोक दल के भाइयों और दूसरे विरोधी पक्ष के सदस्यों ने इस बजट को किसान विरोधी, हरिजन विरोधी और बैकवर्ड कलासिज विरोधी बताया है। दूसरी तरफ विरोधी पक्ष के सदस्य इस बात की चर्चा नहीं करते कि जिन किसानों के पास अढ़ाई एकड़ तक जमीन है, उनके खालों की लाइनिंग का खर्चा माफ कर दिया है। इनके राज में क्या था ? जब चौधरी चरण सिंह बदकिस्मती से इस मुल्क के प्रधानमंत्री बन गए तो उन्होंने जो एक ट्रैक्टर 40 हजार का मिलता था उसकी कीमत 60 हजार कर दी और जो खाद का कटटा 20 रूपये का

आता था उसकी कीमत 30 रूपये कर दी थी। जब चौधरी चरण सिंह रोहतक में आये तो उन्होंने कहा कि हमारे वक्त में गरीबी के लिहाज से हमारे मुल्क का नम्बर संसार में 84 था। लेकिन आज हमारा मुल्क गरीबी के लिहाज से संसार में 111वें स्थान पर आ गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, अगर मुल्क में गरीबी बढ़ाने में किसी का कन्ट्रीब्यू ान है तो वह सिर्फ पीछे जो हमूतम रही है, चौधरी चरण सिंह जी की सरकार और उससे पहली वाली सरकार, उनका ही योगदान इस दे ा को पीछे ले जाने का रहा है। मैं इस बात को मानता हूं कि ये जो मेरे भाई बैठे रूलिंग पार्टी के मैम्बर है, वे इस बजट को बड़ा अच्छा बजट बता रहे है। साथ ही साथ कह रहे हैं कि हरियाणा में पहली बार ऐसा बजट पे ा यिका गया है। इससे पहले जब पिछले 3 सालों में बजट पे ा होते रहे तो क्या इन्होंने उनकी जरा सी भी सही ढंग से नुक्ताचीनी करने की कोि ा ा की। मेरे कहने का मतलब है कि पिछले 3–4 सालों के जो बजट इस प्रान्त में आये वे जनता पार्टी ने जानबूझ कर इस कदर बनाये कि उनसे आम आदमी, हरिजन और बैकवर्ड क्लासिज के भाईयों का भला न हो सके।

डिप्टी स्पीकर साहब, इस बजट के बारे में आज चौधरी गया लाल जी, लाल सिंह जी और दूसरी साथी यह कह रहे है कि पहली बार ऐसा खूबसूरत बजट देखने को मिला है। क्या इन्होंने अपने दिल पर हाथ रख करके देखा है कि जब से ये सरकार बैंचो पर बैठे हैं तब से इससे अच्छा बजट न आया हो और इन्होंन

उसकी क्रिटिसाइज किया हो। क्या इन्हें इससे पहले वाले बजटों में कोई कमी नजर नहीं आई ? किसी भी पार्टी के मैम्बर को बजट में अच्छे सुझावों का समर्थन करना चाहिए और जो गलत बातें हो, उनको क्रिटिसाईज करना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, इस प्रान्त में बिजली की बहुत कमी है। लेकिन इस बजट के अन्दर डिवैल्पमैंट के लिए जो पैसा रखा है, वह 40 प्रति ात है और जो नॉन डिवैल्पमै।ट एक्सपैंडीचर हैं जिसका डिवैल्पमैंट से कोई खास संबंध नहीं है उसके लिए 60 प्रति ात पैसा रखा गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, आज इस प्रान्त में इस कदर खर्चा हो रहा है जिससे किसी को कोई फायदा नहीं पहुंच रहा। कल इरीगे ान और पावर मिनिस्टर साहब इस सदन में ब्यान कर रहे थे कि अगर हरियाणा बिजली बोर्ड के दफ्तर को हिसार ले जाया जायेगा तो टी.ए.डी.ए. के बहुत खर्चे बढ़ जायेंगे। सदन की सूचना के लिए कुछेक आंकड़े जो मैरे पास हैं, बताना चाहूंगा। हरियाणा बिजली बोर्ड आफिस का किराया एक साल का लगभग 12 लाख रूपये है। यहां पर जो 200 आफिसर्ज बैठते हैं और उनका जो स्टाफ है उनके मकानों का किराया, एक साल का लगभग 38 लाख रूपये है। हिसार के अन्दर लगभग 465 ऐसेमकान हैं जो आज भी खाली पड़े हुए है। ये मकान बिजली बोर्ड द्वारा बनाए गए थे। चण्डीगढ़ में जो आफिसर हरियाणा से दौर पर आते हैं वे बहुत ज्यसादा टी.ए.डी.ए. क्लम करते है। चण्डीगढ़ से जो आफिसर हरियाणा में दौरे पर

जाते हैं उनका टी.ए.डी.ए. का खर्चा हरियाणा से चण्डीगढ़ आने वाले आफिसरों के मुकाबिले में कम होता है। चण्डीगढ हैडक्वाटर तो सिर्फ अम्बाला और कुरूक्षेत्र जिले को ही नजदीक पडत्रता है जबकि अन्य जिलों के लिए यह हैडक्वाटर दूर पड़ता है। इसलिए मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहूंगा कि अगर हिसार हैडक्वार्टर कर दिया जाये तो बड़ा अच्छा होगा।

डिप्टी स्पीकर साहब, जनवरी, 1980 के अन्दर बहुत से विधायकों ने मिल कर कांग्रेस सरकार की मिनिस्टरी बनाई। इन्होंने अच्छा किया कि कांग्रेस सरकार की मिनिस्टरी बनाई। डिप्टी स्पीकर साहब, हमारी यह जिम्मेदारी है कि श्रीमति इन्दिरा गांधी के 20 सूत्रीय प्रोग्राम के मुताबिक कार्य करें। उनकी नीति के अनुसार हमें गरीबों के लिए, हरिजनों के लिए और बैकवर्ड क्लासिज के लोगों के लिए अधिक से अधिक साधन जुटाने चाहिएं। इन भाइयों की हमदर्दी को ध्यान में रखते हुए हमें काम करना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, हमारे यहां पर एक सर्बोडीनेट सर्विसिज सिलेक्शन बोर्ड है। इस बोर्ड के द्वारा दो तीन साल पहले कुछ कैटेग्रीज की पोस्टों के लिए एग्जाम हुए थे। जब चौधरी रिजक राम जी बोल रहे थे तो इन्होंने कहा था कि जिन भाइयों ने नौकरी के लिए आवेदन पत्र भी नहीं दिया था, उनको भी नौकरी में ले लिया गया, यानी उनको नौकरी मिल गई। इस सरकार ने करीब 3 हजार एडहौक एम्पलाइज को, जोकि अपने

प्रान्त की सच्चे दिल से सेवा कर रहे थे, सर्विस से हटा दिउया है। उनको इस तरह से हटाया गया है जैसे उनका इस प्रदे ा से कोई ताल्लुक ही नहीं है। हमारी सरकार ने करीब 2627 नए आदमियों को लगा लिया, जिनका कोई योगदान नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब, इस तरह से काम नहीं चलता। मैं सरकार से प्रार्थना करता हूं कि जिन आदमियों को निकाला गया है, उनको दोबारा भर्ती कर लिया जाये।

डिप्टी स्पीकर साहब, इस सदन में चौधरी रिजक राम जी और एक विरोधी पक्ष के मैम्बर कह रहे थे कि हरियाणा एग्रीकल्चरल मार्किटिंग बोर्ड में काफी घपला है। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा इससे कोई ताल्लुक नहीं है। जब इस बोर्ड के बारे में बात हो रही थी तो आपने भी एतराज उठाया कि जो आदमी इस सदन में अपने आप को डिफैंड न कर सके, उसके खिलाफ इल्जाम नहीं लगाया जा सकता। आपको भी यह सोचना चाहिए था कि जब कोई हरियाणा के इन्ट्रैस्ट की बात कर रहा हो तो उस बात को पूरा कर लेने देना चाहिए। हरियाणा के हित की बात हम सभी ने मिल जुल कर करनी है।

चौधरी गया लालः .....

श्री सुरेन्द्र सिंहः .....

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): उपाध्यक्ष महोदय, आन ए प्वायंट आफ आर्डर।

श्री सुरेन्द्र सिंहः .....

श्री उपाध्यक्षः सुरेन्द्र सिंह जो आप बैठिये। अब श्री इन्द्रजीत सिंह जी बौलेंगे।

श्री सुरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मैंने तो चीफ मिनिस्टर के बारे में कोई गलत बात नहीं कही। वे हाउस `क लीडर हैं। सरकार ने जो अच्छे काम किए हैं, वे भी मैंने बताये हैं। (ाोर)

श्री उपाध्यक्षः अब आप बैठ जाइये। आपको बोलते हुए 12 मिनट हो गये है। अब श्री इन्द्र जीत सिंह बोलेंगे।

Sh. Surender Singh: Sir, I have yet to open the accounts. (Interruptions.)

Mr. Deputy Speaker: Surender Singh Ji, your time is over. Please take your seat. I have already called upon anouther Member to speak.

डा. मंगल सैनः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। (व्यवधान)

Mr. Deputy Speaker: Doctor Sahib, this is no point of order.

चौधरी भजन लालः उपाध्यक्ष महोदय, ...

चौधरी गंगा रामः .....

चौधरी भजन लालः .....

श्री इन्द्रजीत सिंह (जाटुसाना): डिप्टी स्पीकर साहब, 16 मार्च को जो बजट हमारे फाइनैंस मिनिस्टर साहब ने हाउस में पे ा किया है, मैं उसका समर्थन केवल इसलिए करने के लिए खड़ा नहीं हुआ हूं कि मैं रूलिंग पार्टी का एक सदस्य हूं। बल्कि मैं यह खुद महसूस करता हूं कि यह जो बजट पे ा किया गया है, यह काबिले तारीफ है। डिप्टी साहब, आप जानते हैं कि पिछले कुछ अर्से से कुदरत ने इस प्रान्त के किसानों के साथ कुछ इस तरह का खेल खेला है कि उनकी माली हालत सुधरने की बजाए और खराब हो गयी। बावजूद इस बात के कि सरकार ने भी काफी प्रयत्न किए हैं। उनकी हालत गिरती ही जा रही है। अगर इस बजट में किसानों के ऊपर कोई टैक्स लग जाता तो मैं समझता हूं कि जिन फाइनैंि ायल डिफीकल्टीज के सरकमस्टांसजि के अन्दर वे आजकल फंसे हुए हैं, उनको और भी दिक्कत होती। इसी बात की सोच कर मुझे एक बहुत ही बड़े आदमी औलिवर गोल्डस्मिथ के लफ्ज याद आते हैं:–

For Princes and Lords

may flourish or may fade,

a breath can make them as a breath has made;

But a bold peasantry a country's pride;

Once destroyed can never be supplied.

मतलब यह है कि इस वक्त जो किसान की मौजूदा हालत है, उसको देखते हुए जिस तरह का बिना टैक्स का यह बजट पे ा किया गया है, यह सराहनीय है। यह किसान के हित को दखेते हुए बनाया गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, यहां इस सदन के अन्दर बैइ कर अपने टी.ए.डी.ए. बढ़ाने के लिए हम जो मर्जी आये कर लेते हैं, या पे–कमी ान की रिपोर्ट आती है, तो हम मुलाजिमों के पे–स्केल्ज बढ़ा देते हैं लेकिन किसान ही ऐसा आदमी है जिसको न कोई टी.ए. मिलता है और न ही कोई डी.ए. मिलता है। जो कुछ भी उसको मिलता है वह उसकी मेहनत का फल मिलता है। हमारी सरकार इस बजट में टैक्स नहीं लगा रही है, तो मैं यह समझता हूं कि यह हरियाणा के हित के लिए अच्छी बात की गयी है। इसके अलावा जो प्रावधान किसानों की बहबूदी के लिए, बिजली और पानी मुहैयया करवाने के लिए किया गया है, उसकी भी मैं दाद देता हूं। सिक्सथ फाईव ईयर प्लान के तहत 1981–82 में इरीगे ान और एग्रीकल्चर के लिए 157 करोड़ रूपया रखा गया है। यह बड़ी सही बात की गयी है। इससे कोई डिनाई नहीं कर सकता कि इससे हमारे प्रदे ा के अन्दर बिजली व पानी की कमी पूरी होगी। इन चीजों को ध्यान में रखते हुए इस तरफ जो महत्व दिया गया है, वह काबिले तारीफ है। इसी तरह से एक बोल्ड कदम सरकार ने और उठाया है। जिस किसान के पास अढ़ाई एकड़ तक जमीन है उसका खालों की लाइनिंग का खर्चा माफ कर दिया गया है और जिसके पास अढ़ाई एकड़ से ज्यादा जमीन है, उससे सिर्फ 50 प्रति ात खर्चा लेंगे। इसके अलावा

सरकार का यह ब्यान भी आया है कि एम.आई.टी.सी. को जितना भाार्टफाल लाइनिंग करने की वजह से होगा, उसे सरकार अपने खर्चे से मभ्अ करेगी। यह एक बहुत ही अच्दी बात की गयी है। यह कोई छोटी बात नहीं है, क्या पता कितना भाार्टफाल आ जाये। मैं इस बात के लिए सरकार को खासकर खुर ाीद भाई को मुबारिकबाद देता हूं कि उन्होंने इतना बड़ा रिस्क लिया है। भाूगर केन की प्राईस बढ़ा कर भी 26 रूपये प्रति क्विंटल कर दी है। इसके लिए भी सरकार बधाई की पात्र है। पुलिस के खर्चे के अन्दर काफी इजाफा किया गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, पुलिस के बारे में मै। केवल इतना ही कहना चाहता हूं Our police system suffers from inherent weakness, which has been left over from the Birthish times. But whatever may be said about it, I think, it is still one of the best police force in the country. जो यह साढ़े चार करोड़ रूपये के करीब पुलिस की हाउसिंग ओर दूसरी फैसिलिटीज के लिए रखा गया है, इससे उनका मोरल बढ़ेगा। अगर हम पुलिस वालों का सिर्फ क्रिटीसिजम ही करते जायें और सोचें कि इससे उनका रवैया ठीक हो जायेगा, ऐसा नहीं हो सकता। मेरी राय में उनको ठीक करने के दो ही तरीके हैं। एक तो यह है कि हम उनको ट्रेनिंग दें और दूसरा यह कि हम उनके अन्दर फेथ रखें तथा उनकी जितनी हम हैल्प कर सकते हैं, करें। इस बजट के बारे में तो मैं बहुत ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा क्योंकि यह तो सैल्फ एवीडैन्ट है। कुछ सुझाव इस बारे में अव य देना चाहूंगा। सबसे पहले तो अनएम्पलायमैंट के बारे में मैं कुछ

कहना चाहूंगा। हमारे प्रदे ा के अन्दर काफी अनएम्पलायमैंट बढ़ गयी है। किसान लोग जिनके पास छोटे छोटे खेत हैं, वे यह चाहते हैं कि उनका भी एक आध लड़का नौकरी में आ जाये इसके लिए बे ाक उसके ऊपर 2 प्रति ात या 4 प्रति ात टैक्स लगा दिया जाये। जब उसको यह पता लग जाये कि उसका एक लड़का नौकरी लग जायेाग तो वह खु ाी से आपको थोड़ा बहुत टैक्स देने के लिए तैयार हो जायेगा इसलिए मेरा कहना यह है कि किसान के लड़कों को भी एम्पलायमैंट देने की तरफ तवज्जह देनी चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं हैडीकैप्ड के बारे में कहना चाहता हूं। गांव के अन्दर बहुत से ऐसे आदमी होते हैं जो खुद अपना काम नहीं कर सकते हैं, अपना सामान नहीं उठा सकते हैं। ऐसी हालत में उनके घर वाले किक मारकर उनको घर से बाहर निकाल देते हैं और वे बेचारे दर–दर की ठोकर खाते रहते हैं और भटकते रहते हैं। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि ऐसे लोगों के लिए सरकार खासतौर पर कुछ करे और जो लड़के मेहनत करके पढ़ लिख गए हैं उनको सब से पहले सर्विस के अन्दर लेना चाहिए।

अब मैं रीजनल इम्बैलैंसिज के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा के अन्दर कुछ ऐसे इलाके हैं जैसे महेन्द्रगढ़ और भिवानी जो पहले से ही बैकवर्ड चले आए हैं। सर्वे आफ इंडिया की टीम ने महेन्द्रगढ़ जिले का

सर्वे किया था। उनसे यह जानकारी मिली है कि महेन्द्रगढ़ में लाइम स्टोन की खाने है। डिप्टी स्पीकर साहब, दादरी के अन्दर एक सीमेन्ट फैक्टरी हैं लेकिन उसमें झगड़ा होने के कारण वह काफी दिनों से बन्द पड़ी है। महेन्द्रगढ़ में लाइम स्टोन की खानें होने को मद्देनजर रखते हुए वहां पर कोई सीमेन्ट की फैक्टरी खोली जाए जिससे कि सीमेन्अ की किल्लत भी दूर हो जाएगी और दूसरी लोगों को रोजगार भी मिल जाएगा। अगर किसान केवल ऐग्रीकल्चर पर डिपेंड करता है तो वह फाइनैंि ायली मजबूत नहीं हो सकता है। इसलिए किसान के लिए कोई ऐसी स्कीम बनानी चाहिए जिससे कि उसकी माली हालत सुधरे। हमारे यहां के लोगों को जानवरों से बड़ा प्यार है। इसलिए कम से कम ऐनीमल हस्बैन्डरी विभाग, अमुल कौम्पलैक्स जो गुजरात में हैं, उस पैटर्न पर हमारे यहां एक कौम्पलैक्स बनाने में काफी मदद कर सकता है। उससे लोग गाय भैंस रखकर दूध की प्रोडक ान कर सकगें और अपनी माली हालत को सुधार सकेंगे। (घंटी) बस मैं आखिरी बात कहकर समाप्त करता हूं और वह है जौब्ज के बारे में। डिप्टी स्पीकर साहब, कुछ विभागों में जौब्ज ज्यादा निकलते हैं और कुछ विभागों में कम जौब्ज निकलते हैं। देखा यह गया है कि एक मंत्री जिसके पास ऐसा विभाग है जिसमें ज्यादा जौब्ज निकलते हैं तो वह उस विभाग में अपनी ही कांस्टीच्यूएंसी के लोगों को लगा लेता है। उस मंत्री की यही कोि ा ा होती है कि उस महकमें में अपने हल्के के लोगों को लगा लें। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि हर महकमें के अन्दर हर डिस्ट्रिक्ट

का बराबर का भोयर होना चाहिए न कि हरेक मंत्री अपने विभाग में अपने ही हल्के के आदमियों को लगा लें। बस मैं इतना ही कहकर समाप्त करता हूं।

श्री लहरी सिंह मेहरा (रादौर, अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहब, आपने जो मुझे समय दिया है उसके लिए मैं आपका बहुत भाुक्रिया अदा करता हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, वित्त मंत्री ने जो बजट पे ा किया है .....

नेमिंग आफ मैम्बर

चौधरी गंगा राम: डिप्टी स्पीकर साहब, रूलिंग पार्टी के तीन आदमी लगातार बोलने लग रहे हैं। आप हमें भी टाईम दें। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: आप डिमान्डज पर बोल सकते हैं। Now the hon. Member Mr. Lehri Singh, has already started speaking. (Interrutions) Please take your seat.

चौधरी गंगा राम: डिप्टी स्पीकर साहब, जब से हाउस भाुरू हुआ है तब से मैं किसी चीज पर नहीं बोला हूं। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: आपकी पार्टी की तरफ से मुझे जो लिस्ट दी गई है, उसमें आपका नाम ही नहीं है (ाोर एवं व्यवधान) I

am calling upon the members accourding to the names given to me by the parties concerned.

श्री वीरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, नम्बर तो बोलने का हमार है। अगर इनका नाम नहीं है, तो किसी और मैम्बर को हमारी तरफ से बोलने दिया जाए। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्षः स्ट्रैंथ के हिसाब से रूलिंग पार्टी के सदस्यों को अब भी बहुत कम समय दिया गया है। जितना समय दिया गया है वह मैं पढ़कर सुना सकता हूं। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, हमारे टोटल पांच आदमी बोल पाए हैं। हमें जितना टाईम बजट पर बोलने के लिए मिलना है, कृपा वह हमें बता दें। (ाोर एवं व्यवधान) हमारे साथे तो ज्यादती हो रही है। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी गंगा रामः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। .....

श्री उपाध्यक्षः चौधरी गंगा राम जी आप बैठ जाएं। (ाोर एवं व्यवधान) This is no point of order.

चौधरी गंगा रामः मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। आप नहीं चाहते कि .....

श्री उपाध्यक्षः ये जो कुछ भी बोल रहे हैं वह रिकार्ड न किया जाए।

चौधरी गंगा रामः .....

जेल तथा डेरी विकास मंत्री (चौधरी ि ाव राम वर्मा): डिप्टी स्पीकर साहब, ये सदन का समय खराब कर रहे हैं।

चौधरी गंगा रामः .....

Mr. Deputy Speaker: I name Ch. Ganga Ram. Please leave the House. (Interruptions) Ganga Ram Ji, I have named you. Please leave the House.

(The Hon. Member Ch. Ganga Ram did not withdraw from the House and continued speaking)

Mr. Deputy Speaker: Remove him.

(At this stage the Serjeant-At-Arms went to the hon. Member, Ch. Ganga Ram who then withdrew from the House.)

वाक आउट

श्री हीरा नन्द आर्यः आन ए प्वायंट आफ आर्डर। (ाोर एवं व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहब, हमें सरकार की पोल खोलनी है, इसलिए मेरी सबमी ान है कि हमें समय दिया जाए।

श्री उपाध्यक्षः आपाको पूरा समय दिया जा रहा है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री हीरा नन्द आर्यः रूलिंग पार्टी के लगातार तीन आदमी बोले हैं। अब आप हमें टाईम दीजिए। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्षः जो लिस्ट आपकी तरफ से आई हैं, उसमें चौधरी गंगा राम का नाम नहीं है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंहः अब तक रूलिंग पार्टी के तीन मैम्बर्ज लगातार बोल चुके हैं। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्षः जिस हिसाब से समय बांटा गया था उसमें से लोकदल को कल भााम तक साढ़े तीन परसैन्ट ज्यादा समय दिया गया है और रूलिंग पार्टी को समय कम दिया गया है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, रूलिंग पार्टी के 52 सदस्य हैं, लोकदल के बाइस सदस्य हैं, भारतीय जनता पार्टी के ग्यारह मैम्बर है और जनता पार्टी के चार मैम्बर है। इस हिसाब से आप टाईम बता दीजिए कि कितना कितना मिलना है। जितना टाईम हमें मिला है वह कम से कम पच्चीस परसैन्ट कम मिला है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री हीरा नन्द आर्यः डिप्टी स्पीकर साहब, हमारे साथ डिस्क्रिमिने ान हो रही है, इसलिये हम वाक आउट करते हैं।

(इस समय विपक्ष के सभी सदस्य सदन से वाक आउट कर गये।)

वर्श 1981–82 के बजट पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ)

श्री लहरी सिंह मेहराः डिप्टी स्पीकर साहब, इस बजट से एक आम आदमी को भी बहुत फायदा हुआ है। इसको पढ़कर यह कहा जा सकता है कि यह एक ऐसा बढ़िया बजट है कि भाायद ही इससे पहले किसी सरकार ने ऐसा बजट पे ा किया हो। इसके लिए मैं वित्त मंत्री महोदय और मुख्य मंत्री महोदय को धन्यवाद देता हूं। इसके साथ साथ जो हमारे प्रदे ा के प ाुपालन मंत्री, चौधरी ि ावराम वर्मा है, मैं उनका भी बहुत धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने भी अपने क्षेत्र में काफी उन्नति की है। जिस दिन से इन्होंने इस विभाग को सम्भाला है, इन्होंने इस विभाग के कार्य को आध्ैर तेजी से आगे बढ़ाया है चौधरी देवी लाल जी की सरकार के समय मवे ि ायों की प्रान्त में केवल 20 डिसपैंसरियां थीं और अब इन्होंने इसकी जरूरत को देखते हुए डिस्पैन्सरियों को बढ़ाया है। मंत्री जी गांव के रहने वाले हैं इसलिए डंगरों को हर दिक्कत को वे अच्छी तरह से जानते हैं। इस बड़े काम के लिए मैं इनको बधाई देता हूं। मैं चौधरी भजन लाल जी की सरकार की इसलिए तारीफ नहीं कर रहा कि वह हमारी पार्टी की सरकार है बल्कि इसलिए करता हूं कि जो कार्य इनकी सरकार ने किये हैं और कर रही है, उन से एक आम आदमी को भी काफी राहत मिली है। इन्होंने हर आम आदमी की तकलीफ को सम्झा है। जिन गरीबों के पास खाने को रोटी नहीं

है पहनने को कपड़ा नहीं है और रहने के लिए मकान नहीं है उन लोगों के लिए हमारी सरकार ने वास्तव में ही बड़ा अच्छा स्टैप लिया है। इसके साथ साथ मैं अपनी सरकार से एक अपील करूंगा कि चाहे कोई भी इलाका हो, कोई भी गांव हो चाहें मेरा गांव हो या किसी और का गांव हो हर तीन मील के बाद डंगरों की बहबूदी के लिए एक डिसपन्सरी होनी चाहिए और साथ साथ एक मिडल स्कूल भी होना चाहिए। जो दो करोड़ रूपये की रा ि ज्ञ हमारी सरकार ने प ुपालन के लिए रखी है, उसको बढ़ाकर ज्यादा से ज्यादा प ुओं के हस्पताल खोले जाने चाहिएं ताकि गरीब हरिजनों और गरीब लोगों के प ुओं को भी राहत मिल सके।

इसके साथ साथ डिप्टी स्पीकर साहब, मैं अपनी सरकार को इस बात की भी मुबारिकबाद देना चाहता हूं कि सदियसों से पिछड़ा हुआ जो मेवात का इलाका था, उस तरफ किसी भी सरकार ने आज तक ध्यान नहीं दिया था लेकिन हमारी सरकार ने इस काम के लिए पिछली बार सवा करोड़ रूपया रखा था जोकि अब खत्म होने जा रहा है। अब इस साल इस काम के लिए 2 करोड़ रूपये की रा ि ा रखी गयी है। यह सरकार का बड़ा ही सराहनीय काम है। उन लोगों के हालात को सुधारने के लिए, उनकी बेहबूदी के लिए यह रूपया रख कर एक अच्छा स्टेप सरकार ने उठाया है। (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए)

स्पीकर साहब, अभी यहां पर हमारे विरोधी दल के भाई बावेला मचा रहे थे कि इस सरकार ने हरिजनों के लिए और बैकवर्ड क्लासिज के लोगों के लिए कुछ नहीं किया है। मैं चौधरी भजन लाल जी की सरकार को और कांग्रेस (आई) की सारकार को बधाई देता हूं जिसने बैकवर्ड क्लासिज के लोगों के लिए, हरिजनों के लिए और भाई गंगा राम जैसे विकलांग वर्ग के लिए भी बड़ा कुछ किया है। यह पहली सरकार है जिसने विकलांगों के लिए भी रिजर्वे ान की है। मै। डिटेल के साथ बताना चाहता हूं कि इस सरकार से पहले हरिजनों को जो सविधाएं दी जाती थीं, उनके लिए बहुत कम रा ि ा का प्रावधान था लेकिन अब इस सरकार ने इस काम के लिए वर्श 1981–82 में 35.57 करोड़ रूपये की रा ि ा निर्धारित की है जोकि इस वर्श के योजना बजट का साढ़े 12 परसैन्ट हैं यह पैसा हरिजनों की भलाई के लिए, उनकी डिवैल्पमैंट के लिए और उनकी हालत को सुधारने के लिए रखा गया है। इसके अलावा हरिजन लड़के और लड़कियों के लिए स्पै ाल प्रोग्राम के तहत सैन्टर की सरकार से हमें दो करोड़ रूपए की सहायता मिली है और 1.80 करोड़ रूपये का प्रावधान हमने खुद किया है यानी कुल मिलाकर 3.80 करोड़ रूपए इस प्रोग्राम के लिए रखा गया है। फिर भी विरोधी पक्ष के भाई कहते हैं कि यह सरकार हरिजनों के लिए कुछ नहीं कर रही है।

स्पीकर साहब, इसके साथ साथ मैं इस विभाग के जो मुखिया हैं, उनको और सम्बन्धित मंत्री महोदया बहिन भाकुन्तला

जी को भी बधाई देता हूं। जिस दिन से इन्होंने इस विभाग को सम्भाला है, तब से जगह जगह जाकर के चाहे कोई भी हलका हो, हरिजनों को अपने हाथ से लोन का वितरण किया है। इसिलए इस बजट को एक आम आदमी का बजट कहा जाना ही उपयुक्त होगा क्येांकि आज सरकार आम आदमी के ऊपर ही काफी खर्चा कर रही है और गरीब आदमी को इससे राहत का एहसास हो रहा है। स्पीकर साहब, मैं आपका धन्यवाद करता हुआ और इस बजट का जोरदार भाब्दों में समर्थन करता हुआ केवल एक दो प्वायंट ही औरकह कर समाप्त करूंगा ..... (ाोर एवं व्यवधान)

श्री भागी रामः स्पीकर साहब, इनको बोलते हुए काफी टाईम हो गया है। (ाोर)

श्री लहरी सिंह मेहराः स्पीकर साहब, मैं केवल एक दो मिनट ही और लूंगा। मैं अपनी सरकार को एक दो सुझाव देना चाहता हूं। मेरा हलका रादौर है। उस इलाके के एहसान सारे हरियाणा के ऊपर हैं। वहां से वैस्टर्न यमुना कैनाल गुजरती है और साथ ही मेरे हल्के में से होकर आगमैन्टे ान कैनाल भी गुजरती है जिससे की महेन्द्रगढ और भिवानी के इलाकों के किसानों को फायदा पहुंचता है। ये नहरें मेरे इलाके के किसानों की धरती की छाती को चीर कर गुजरती है। इन नहरों से दूसरे इलाकों को तो फायदा पहुंचता है लेकिन मेरे हल्के के लोगों को इन नहरों का कोई लाभ नहीं पहुंच रहा है। मेरे इलाके के दूसरे इलाकों के ऊपर बड़े भारी एहसान हैं, जिनको कभी भुलाया नहीं

जा सकता। इसलिए मेरी अपनी सरकार से प्रार्थना है कि चूंकि उस पानी का मेरे इलाके को कोई फायदा नहीं हो रहा है, इसलिए इस इलाके की बहबूदी के लिए भी सरकार पूरा पूरा ध्यान दें।

श्री भागी राम (एलनाबाद अनुसूचित जाति): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवादा करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। अध्यक्ष महोदय, इस समय वर्श 1981–82 के बजट पर आम चर्चा चल रही है, मैं उसके विरोध में खड़ा हुआ हूं। पिछले 30 सालों से आज तक कागजों में और किताबों में जो कुछ हरिजनों को मिलता रहा है, मैं उसके बारे में बताना चाहता हूं। बजट के एक एक पन्ने के ऊपर हरिजनों और बैकवर्ड लोगों के बारे में थोड़ा बहुत जिक्र किया गया है लेकिन अध्यक्ष महोदय, जो गरजता है, वह बरसता नहीं। ये सब इनकी कहने की बातें हैं वास्तव में हरिजनों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। और उन्हे एक्सप्लायट किया जा रहा है। सरकार ने एलान किया कि हम हरिजनों के मुहल्लों में लाइट दे रहे हैं। ऐसा कहकर यह सरकार हमारे साथ धोखा और खिलवाड़ कर रही है अध्यक्ष महोदय, मैं आपको बताता हूं कि एक मुहल्ले में पोल गाड़ दिया और एक होल्डर लगाकर बल्ब लगा दिया और कहते हैं कि कनैक्शन दे दिया। लाईट वगैरह का कहीं कोई प्रबन्ध नहीं। यह काम इस सरकार का है, जो यह हरिजनों की बहबूदी के लिए कर रही है। उसके बदले में सारे गांव वालों के मीटरों पर एक एक रूपया बढ़ा

दिया ताकि गांव वालों का झगड़ा उन सब हरिजनों के साथ हो जाये। अध्यक्ष महोदय, यह कह रहे हैं कि हम हरिजनों के घरों में भी लाइट का प्रबन्ध कर रहे हैं। यानी उनके घरों में बिजली फिट करवा रहे हैं। यह ऐसी फिटिंग करवा रहे हैं कि खाली एक होल्डर लगार कर उसमें एक बल्ब लगा देते हैं और उसके 50 रूपए चार्ज करते हैं। (ोम भोम की आवाजें) जो फिटिंग सरकार करा रही है उसमें 15 रूपये का भी सामान नहीं होता लेकिन सरकार हरिजनों से 50 रूपए लेती है। अध्यक्ष महोदय, आप देखें कि जो बल्ब लगाया जाता है वह भी फ्यूज बल्ब लगाया जाता है। ऐसा करके ये हरिजनों को गुमराह करते हैं। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, आज भोर सिंह जी ने एक सवाल का जवाब दिया कि झज्जर क्षेत्र में 195 कनाल और 5 मरले जमीन सरप्लस थी जोकि कुछ आदमियों में 8–8 कनाल के लगभग बांट दी गई है। तो अब आप देखें कि उस कांस्टीच्यूएंसी में जो सरप्लस जमीन थी वह सारी बांट दी लेकिन जो हरिजन बच गये हैं, उनका क्या इलाज करेंगे ? अध्यक्ष महोदय, ये झूठे नारे लगा रहे हैं। (विघ्न) आपको पता है कि आठ कनाल जमीन पर का त तो हा नहीं सकती इसलिए इन्होंने उनको बसने के लिए वह जमीन दी होगी। (ाोर) हमारे हाथों में अगर ताकत होगी तो हम अपना हक लेकर दिखाएंगे। (ाोर) (घंटी) सिरसा में अध्यक्ष महोदय, सरकार हरिजन मुजारों पर सरप्लस जमीन जानी चाहिए उन लोगों की जमीन सरपंच नहीं निकाल रहे। यह हरिजनों से धोखा है।

श्री अध्यक्षः और कुछ रिकार्ड नहीं किया जाएगा। आप कृपया बैठें।

वित्त मंत्री (चौधरी खुर ीद अहमद): स्पीकर साह,ब अभी तक इस हाउस के आनरेबल मैम्बरान में से 26 आनरेबल मैम्बर्ज ने बजट के ऊपर अपने अपने ख्यालात का इजहार किया। इसकी भुरूआत हमारे बुजुर्ग बाबू मूल चन्द जैन जी ने की थी लेकिन इस वक्त वे हाउस में हाजिर नहीं है। जो बाते उन्होंने कहीं, उनके बारे में सब से पहले मैं उन्हीं के लिए रैफर करूंगा। सब से पहली बात उन्होंने यह कही थी कि इस बजट में से 20 करोड़ रूपये का हिसाब किताब नहीं मिल रहा है, वह कैसे गुम हो गया ? उन्होंने नान प्लान और प्लान एकसैंडिचर दोनों को जमा कर लिया और जमा करने के बाद कह दिया कि इनका जोड़ 620 करोड़ रूपया बनता है। फिर कहा कि जो बजट स्पीच के पेज 27 पर आंकड़े दिये हैं उसके मुताबिक टोटल खर्चा 600 करोड़ रूपय बनता है इसलिए 20 करोड़ का इसमें फर्क है। जनाब वे तो पुराने फाइनैंस मिनिस्टर हैं। एक बार ही नहीं बल्कि दो दो बार फाइनैंस मिनिस्टरी का इन्तजाम कर चुके हैं। वे अगर थोड़ा सा गौर से देखते तो उनको सारी बातों का अन्दाजा हो जाता कि टोटल प्लान बजट एस्टीमेट्स के जो हम कागजात सामने रखते है वे सिर्फ वहीं नहीं होती जिन पर असैम्बली वोट करती है बल्कि बहुत सी आटौनामस बाडीज ऐसी होती है जिनका अपने खर्चे से भी कुछ प्लान में हिस्सा डाला जाता है। यह बात ऐसी नहीं कि छिपी

हुई हो। मैंने अपनी स्पीच के दौरान पेज चार पर यह बात कही थी:—

"In terms of plan activities we commenced the year 1980-81 with an approved plan outlay of Rs. 240-50 crores....."

खर्चा बढ़ता गया और प्लान के अन्दर हमने भाार्ट फाल नहीं आने दिया। पहले प्लान को जब हमने एग्जीक्यूट किया तो हमारी अचीवमैंट 253.78 करोड़ रूपये की थी। एक दूसरे हमारी साथी चौधरी राम लाल वधवा जी ने यह समझ लिया कि यह 1981—82 का प्लान है। हमारा 1981—82 का जो प्लान है वह 290 करोड़ रूपए का है और इसके जो भी आंकड़े आपके सामने आए है,उनसे मैं यह बता दूंगा कि 290 करोड़ रूपए का प्लान हमने कहां कहां से पूरा किया है। वे किताब को भी अगर देखते तो जो फाइनैंस सैक्रेटरी की तरफ से मैमोरैंडम पे ा किया जाता है, उसमे ंसारा विवरण दिया होता है। यह मैमोरैन्डम पेज 19 पर दिया हुआ है। पेज 19 पर अगर बाबू जी देख्तो तो उस पर हमने यह दिया हुआ है कि 290 करोड़ रूपये को किस तरह से पूरा करेंगे। उसमें जो हमारा 1981—82 का टोटल बजट एस्टीमेट्स दिया हुआ है वह रैवेन्यू साइड पर 103.64 करोड़ रूपये का है और कैपिटल साइड पर 119.33 करोड़ रूपये का है और जो हमें लोन मिलेगा वह 62.07 करोड़ रूपये हैं यह टोटल मिला कर 285. 04 करोड़ रूपये हो जाता है। इसमें से अगर सैंट्रल स्पोंर्स्ड स्कीमों को निकाला जाए तो करीब 30.10 करोड़ रूपये की हैं, तो

हमारा 254.94 करोड रूपए रह जाता है। फिर हमने जो आटौनोमस बाडीज से कंट्रीब्यू ान डाली जाएगी, उसकी डिटेल दी है। उसमें हरियाणा स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड से 30.66 करोड़ रूपए एल.आई.सी. से अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम के लिए 83 लाख रू. मिलेगा। मोटर ट्रांसपोर्ट डैपरीसएि ान रिजर्व फंड से जो हमारे पास आएगा वह 1.82 करोड़ और 1.75 करोड़ रू. रिसीट्स एन्ड रिकवरीज आन कैपिटल अकांउट्स आफ कोआप्रे ान का आएगा। इस तरह से हमार एक साल का टोटल प्लान 290 करोड़ रूपए का बनता है। अब बाबू जी नहीं है। वे कह रहे थे कि वे सारे पंजाब में फर्स्ट आए थे वे अगर पंजाब में फर्स्ट आए थे तो उनका मैथेमैटिकस तेज होगा। लेकिन जो आदमी बहुत तेज होता है, गवर्नमैंट ने रूल बना रखा है कि उसे 55 साल की उमर में रिटायर कर दो वरना उसे बाद वह कन्फयूज हो जाता है। (हंसी) अब बाबू जी ने खुद ही बताया था कि वे 66 साल के हो चुके हैं इसलिये इनको तो माफ करते हैं। (हंसी) स्पीकर साहब, चौधरी सतबीर सिंह के लिए मैं क्या कहूं ? इन्होंने बजट भी देखा है और पढ़ा भी है। लेकिन इन्होंने बजट पर बोलते हुए कहा कि यह बजट तो बड़ा कंफ्यूज्ड बजट है। अध्यक्ष महोदय, जिस वक्त ये खुद फाईनेंस मिनिस्टर थे तब इन्हौंने बजट पे ा किया, उस समय भी ये कंफ्यूज्ड थे। मेरे साथी कभी कंफ्यूजन से बाहर नहीं निकलते हैं और निकलें भी कैसे ? किसी बात का अध्ययन करें तो निकलें। इन्होंने बजट स्पीच को उठा कर नहीं देखा, किसी डाकुमेंट को नहीं देखा और कहने लगे कि इसमें तो कोई भी

स्कीम नहीं है। इन्होंने यह भी कहा कि इसमें डेरी डिवैल्पमैंट के बारे में भी कोई जिक्र नहीं है, मिनी डेरीज की स्कीम भी छोड़ दी। अध्यक्ष महोदय, मैं इनको क्या बताऊं कि बजट स्पीक के कौन कौन से पेज पर कौन–कौन सी स्कीम्ज दी हुई हैं। इन्होंने मिनी डेरीज के बारे में जो फरमाया है कि कोई जिक्र नहीं है तो मैं इनको बताना चाहता हूं कि प्लान स्कीम्ज का जो डाकुमेंट है आप उसके पेज 84 पर देखें। उसमें यह लिखा हुआ है कि वर्श 1981–82 के लिए हमने 43 लाख रूपया गवर्नमैंट फण्ड से रखा है और इसके अलावा नै ानल इंस्टीच्यू ांज तथा बैंक्स को मोटीवेट किया है। ये गवर्नमैंट के बराबर का पैसा देकर हमारी स्टेट में मिनी डेरीज खुलवाएंगे। (ाोर)

चौधरी सतवीर सिंह मलिकः अध्यक्ष महोद, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मंत्री जी और ही जवाब दे रहे हैं, दसअसल मेरे कहने का मकसद यह था कि ..... (ाोर)

श्री अध्यक्षः आपने जो कहा है वह भी रिकार्ड में है और जो मंत्री जी कह रहे हैं वह भी रिकार्ड में है। इसमें प्वायंट आफ आर्डर की कोई बात नहीं है। कृप्या आप बैठ जाईए।

चौधरी खुर ाीद अहमदः अध्यक्ष महोदय, मेरे साथी जितने बजट के बारे में कंफ्यूज्ड थे उससे ज्यादा इन स्कीम्ज के बारे में कंफ्यूज हो गए जो कि बजट डाकुमेंट्स में दी हुई हैं। अध्यक्ष महोदय, हमने वर्श 1980–81 में इसके लिए 34 लाख 15

हजार रूपया दिया था औरइस साल 1981–82 के लिए 43 लाख रूपया प्रोवाइड यिका है। यदि मेरे साथी डाकुमेंट्स को उठा कर देखते तो सारी चीजें इनके सामने आ जाती। हमने यही नहीं कियसा बल्कि पहले हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिज के लिए जो स्कीम थी उसमें एक नुक्स रह गया था उस नुक्स को सुलझा कर हमने ग्रुप गारंटी स्कीम के तहत कवर कर लिया है। जिन लोगों के पास जमीन जायदाद नहीं है अब वे भी इस स्कीम के तहत कर्जा ले सकते हैं। जो गवर्नमैंट पैसा देगी वह सबसिडी के तौर पर ट्रीट किया जाएगा या उसे इंट्रैस्ट को माफ कर दिया जाएगा। इस ग्रुप गारंटी स्कीम के तहत जो गरीब, मजदूर या किसन हैं, वे कर्जा ले सकते हैं और एक दूसरे की आपस में जमानत दे सकते हैं जैसे तीन आदमियों ने लोन लेना है तो वह आपस में एक दूसरे की गारंटी दे सकते हैं और इस प्रकार से बगैर जमीन जायदाद वाले को भी कर्जा मिल सकेगा। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने साथी से कहूंगा कि वर्श 1981–82 में दो हजार यनई मिनी डेरीज खोली जाएंगी ओर 9200 प ा लोगों को उपलब्ध कराए जाएंगे। मास्टर हुकम सिंह जी ने बजट पर चर्चा करते हुए डेरी डिवल्पमैंट स्कीम के बारे में कहा कि पहले दूधारू प ाुओं के लिए ईनाम दिया जाता था, इस बजट में उस स्कीम को बंद कर दिया गया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने फाजिल दोस्त मास्टर हुकम सिंह को बताना चाहूंगा कि यह स्कीम हमारी सरकार ने 4 मार्च 1980 को भाुरू की थी और इस स्कीम के तहत जो दूधार प ा हैं, जो ए वन कैटेगरी में आते हैं,

उनको एक साल में 1500 रूपए ईनाम के लिए दिये जाते हैं। यह स्कीम सिर्फ एक ही साल के लिए नहीं है बल्कि दो तीन साल तक चलती रहेगी और एक ही प ाु को तीन साल तक यह ईनाम मिलता रहेगा। हमने ऐसा इसलिए किया है ताकि अच्छी नस्ल वाले प ाुओं को तीन ब्यांत तक देखा जाएं और उसकी प्रोजनी से तीन बच्चे हो जो हमारी स्टेट के काम आएं। इसी प्रकार से, इस स्कीम के तहत एक लाख 92 हजार रूपया 31 मार्च, 1981 तक दिया जाएगा और 1981–82 में इस स्कीम के तहत दो लख रूपये का प्रोवीजन किया गया है। अध्यक्ष महोदय, इन तमाम चीजों को देखते हुए मैं तो यही कहूंगा कि मेरे भाई ने बजट को देख ही नहीं। अब मैं डेरी डिवैल्पमैंट स्कीम के साथ साथ एनीमल हसबैंडरी के बारे में बताना चाहूंगा। एनीमल हसबैंडरी का जिक्र मैंने सारे डाकुमैंटस में किया है जिसमें यह लिखा है कि आने वाले साल में कितने स्टाकमैन सैंटर्ज खोले जाएंगे, कितने प ाुओं के लिए डिस्पैंसरियां खोली जाएंगी और कितने प ाु चिकित्सालय खोले जाएंगे।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, मैं आपका ध्यान इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि एक मंत्री महोदय ने एक सवाल के जवाब में यह बताया था कि दूधारू प ाुओं के लिए जो 1500 रूपए ईनाम देने वाली स्कीम थी, वह बंद कर दी गई है। यह एक बहुत ही गम्भीर मामला है। इस प्रकार से हाउस को मिसलीड किया जा रहा है। क्योंकि एक तरफ तो मिनिस्टर साहब

यह कह रहे हैं कि यह स्कीम अीाी चालू है और दूसरी तरफ दूसरे मिनिस्टर साहब ने यह कहा है कि यह स्कीम बंद कर दी गई है। इसलिए मैं आपेस रिक्वैस्ट करूंगा कि आप रिकार्ड चैक कर लें और मामला प्रिविलेज कमेटी को दे दीजिए।

Mr. Speaker: All right. I will check up the documents and refer it to the Government for their comments.

जेल तथा डेरी विकास मंत्री (चौधरी ि ाव राम वर्मा): स्पीकर साहब, यह स्कीम पहले नहीं थी। इस सरकार ने बनाई है और अब चल रही ह। यह इन्हांने गलत कहा है कि स्कीम बंद है।

चौधरी खुर ाीद अहमद: स्पीकर साहब, दूसरे मेरे साथ चौधरी रिजक राम और बाबू मूल चन्द जैन जी ने कहा है कि नान प्लान का खर्चा ज्यादा हुआ है। दोनों तरफ के कुछ साथियों ने इस बात पर जोर दिया हैं कि जहां भी चीफ मिनिस्टर साहब जाते हैं वहां पर लोगों की बहुत सारी मांगों को मान लेते हैं और उनका एलान भी कर देते हैं। इस बात को देखते हुए नान प्लान का खर्चा ज्यादा बढ़ गया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से हाउस की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि डैमोक्रेटिक सैट अप में लोगों की सभी मांगे मानी जानी चाहिएं। मैंने अपनी बजट स्पीच में भी कहा है कि जो लोगों की उम्मीदें हैं, हम उनको पूरा करेंगे। लोग यह उम्मीद रखते हैं कि डिवैल्पमैंट के काम उनके गांवों में, उनके इलाको में होने चाहिएं इसलिए उन कामों की मांगे लीोग हमारे चीफ मिनिस्टर के सामने पे ा करते हैं। अगर

चीफ मिनिस्टर साहब उन मांगों को मानते हैं तो हम उन वायदों को पूरा भी करते हैं क्योंकि हम हरियाणा की जनता के सही नुमायंदे हैं। यदि उनके वायदों को पूरा करने से नान प्लान में खर्चा बढ़ जाता है तो कोई गलत बात नहीं है।

श्री रघुनाथ गोयलः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है कि 3 दिसम्बर, 1979 को चीफ मिनिस्टर साहब ने कैथल में 10 हजार जनता के सामने यह वायदा किया था कि कैथल को फुल फलैज्ड डिस्ट्रिकट बना देंगे लेकन अभी तक उस वायद पर उन्हौंने कोई कार्यवाही नहीं की है। (ाोर)

श्री अध्यक्षः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है।

13.00 बजे

चौधरी खुर ीद अहमदः स्पीकर साहब, हमारे एक साथी चौधरी रिजक राम ने अपनी स्पीच में कहा कि इरीगे ान और पावर के मामले में सोनीजत डिस्ट्रिक्ट की तरफ कोई तवज्जुह नहीं दी जा रही। सी.एम. साहब ने कुछ वायदे किये थे, वे पूरे नहीं किये गये। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि 37 माइनर स्कीमें और कुछ एक्सटैन ान वर्क स्टार्ट किये गये है जिनमें से 12 पर इस वक्त काम चालू है। कुछ जगहों पर अलाइनमैंट के झगड़े पड़े हुए हैं। टोटल 37 स्कीमें हैं और जहां जहां सी.एम. साहब ने अनाउंस किया है, वहां पर पूरे तौर पर काम चल रहा है और

किसी इलाके के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा। सारे इलाकों को यकसां तौर पर ट्रीट किया जा रहा है।

डा. मंगल सैनः स्पीकर साहब, इन्होंने कहा था कि 15 साल लग जायेंगे इन स्कीमों को कम्पलीट होने में। (व्यवधान)

चौधरी खुर ीद अहमदः जितना भी टाईम लगे, हम पूरा करेंगे। स्पीकर साहब, इन्होंने कहा था कि नान प्लान एक्सपैंडीचर में बहुत बढ़ोतरी हुई है। कुछ आइटम्ज ऐसी हैं जिन पर हाउस में काफी चर्चा हुई। नान प्लान एक्सपैंडीचर के तहत 11.47 लाख रूपया एजुके ान में कुछ नई स्कीमों के चालू होन से बढा है। प्राईवेट इन्स्टीच्यू ान्ज को टेक ओवर किया गया और स्कूलों और कालेजों को 95 प्रति ात ग्रांट दी गई।

श्री मनी रामः आन ए प्वायंट आफ आर्डर। स्पीकर साहब, मेरे हल्के में एक मनोहर लाल मैमोरियल कालेज है, वहां आज भी हड़ताल है .....

श्री अध्यक्षः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं ळे, आप बैठ जाइए। अगर कोई जायज प्वायंट आफ आर्डर हो तो आप जरूर रेज करें, लेकिन अन नसैसरी प्वायंट आफ आर्डर रेज न करें।

चौधरी खुर ीद अहमदः अगर किसी कालेज के बारे में कोई प्वायंट आनरेबल मैम्बर के पास है तो सैंकिंड सिटिंग में डिमांड्ज पर डिस्क ान होगी। उसमें एजुके ान की एक डिमांड

है, उस वक्त आनरेबल मैम्बर जो कुछ कहना चाहें, कह लें। स्पीकर साहब, डा. मंगल सैन ने हाउस मे ंजो कुछ कहा, उस पर मैं मोटे मोटे आंकडे हाउस में रख कर बताना चाहता हूं। कुछ नैचुरल कलैमिटीज की वजह से हमें खर्च बढ़ाना पड़ा क्योंकि कई चीजों पर खर्च करना बहुत जरूरी था। आनरेबल मैम्बर्ज इस बात को मानेंग कि अगर किसान पर कोई मुसीबत आती है तो उसको राहत देने के लिए पैस की मदद देनी चाहिए। आप देखे, कल भी ओले पड़ै। अगर इस किस्म की नैचुरल कलैमिटीज हो जाती है तो किसान को राहत से कैसे महरूम किया जा सकता है ? जो कुछ खर्च यिका वह सरकार ने किसान के हित में यिका है। जब जब उनको पैस की जरूरत पड़ी, जितना हो सका किसान को पैसे दिये गए औ नैचुरल कलैमिटीज की वजह से जहां जहां नुकसान हुआ उसको पूरा यिका। कहने का मतलब यह है कि हमारे ऊपर जितनी लायबिलिटीज है, उनको पूरी तरह डिसचार्ज यिका गया। नैचुरल कलैमिटीज की वजह से खर्चे में जो वृद्धि हुई, उसको किसी कीमत पर रोका नहीं जा सकता था, इस खर्चे का करना निहायत जरूरी था।

स्पीकर साहब, अगल साल के लिए जो हमने प्रावधान किया है, उसका देखन`से मालूम होगा कि अगले साल का नान प्लान का खर्चा पिछले साल से कम है। बजट पर बहस के दौरान मेरे साथियों ने जो वि ाश बात कही वह यह कही कि यह बजट इन्फले ान को नहीं रोकेगा। स्पीकर साह,ब इन्फले ान की

इम्पलीके ान को रोकना किसी एक स्टेट की बस की बात नहीं है। यह प्रैब्लम इन्टर स्टेट ही नहीं बल्कि इसके रैप्रक ान्ज इन्टरनै ानल होते हैं। फर्ज करो पैट्रोल के एक बैरल का रेट बढ़ जाए तो घरोंडा के पैट्रोल पम्पर पर भी इस मंहगाई का असर पड़ेगा। अगर आसाम में स्ट्राईक होती है तो उसाक असर हरियाणा स्टेट पर भी पडेगा क्योंकि इन्फले ान की स्थिति ही कुछ ऐसी है और इन हालात में एक छोटी सी स्टेट यही कर सकती है कि अपने खर्चों पर पाबन्दी लगाए और आयंदा के लिए खर्च कम करे। अगर इस बजट को इस नजरिए से देखा जाए तो कन्कलूडिंग रिकार्क्स यही हैं कि हरियाणा में जितना डैफिसिट बजट है उसमें से 30 करोड़ के लगभग सिर्फ इकोनोमी मैयर्ज उठा कर मीट करेंगे, न कि टैक्स लगा कर । जो सिस्टम इस वक्त है इसको रै ानेलाईज करेंगे। इसके अलावा अगल बात मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारे पुराने वित्त मंत्री चौधरी सतवीर सिंह जी ने खुद भी इकोनोमिक मैयर्ज उठाने के लिए सुजै ान दी थी। जो कुछ उन्हौंने कहा वह चीज पहले ही हमने अपनी बजट स्पीच मे इनकारपोरेट कर दी थी। स्पीकर साहब, हमीर स्टेट में जितनी अंडरटेकिंग्ज हैं, उनकी सहायता के लिए बजट में एक मद रखी गई है और हम उम्मीद करते हैं कि ये अंडरटेकिंग्ज अपने मैनेजमैंअ को इम्प्रूव करके कमर्ि ायल लाइन्ज पर चल कर कामयाब होंगी। जब ये कमर्ि ायल लाइन्ज पर चलेंगी तो हम उम्मदी करते हैं कि हम बहुत हद तक वेस्टफुल एक्पैंडीचर को रोक सकने में कामयाब होंगे। जो सिक यूनिट्स हैं, उनको

प्रौफिफटेबल बनाकर, ऊपर उठाकर चलायेंगे ताकि डैफिसिट गैप को पूरा किया जा सके।

श्री मूल चन्द जैनः क्या आप बताएंगे कि पिछले डेढ़ वर्श में आपने क्या किया है ? (व्यवधान)

चौधरी खुर ाीद अहमदः स्पीकर साहब, जब बाबू जी ने अपना बजट पे ा किया था तो उस वक्त बाबू जी का बजट इतना बढ़िया था कि आज तीन साल के बाद चौधरी सन्त कंवर जी की समझ में आया कि वह बजट फाड़ने के काबिल नहीं था, पढने के काबिल था। (व्यवधान) बड़ी देर के बाद उनको यह बात सूझी कि उस बजट में बड़ी काम की बातें थी। 1978–79 में चौधरी सतवीर सिंह मलिक ने बजट पे ा किया था, उसमें 210 करोड़ रूपये की प्लानिंग रखी थी और अचीवमैंट 193 करोड़ की थी। 17 करोड़ रूपये का भाार्टफाल देकर डैफिसिट गैप को पूरा कर गये थे। (हंसी) बड़ी अच्छी काउंटिंग है इनकी। अब आप इसके आगे सुनिए। उसके बाद बाबू जी के हाथ में बागडौर आई। इन्होंने 1979–80 के बजट मैं 219 करोड़ रूपये की प्लानिंग पे ा की और उस प्लानिंग को एग्जीक्यूट करने में भी बड़ी दयिादिली दिखाई।

श्री मूल चन्द जैनः मैं तो तीन महीने ही फाईनैंस मिनिस्टर रहा। बजट बनने के बाद अगर कोई भाार्टफाल आता है तो उसकी जिम्मेदारी आपके ऊपर आती है।

चौधरी खुर ीद अहमदः जनाब, मैं एक बात कहूंगा कि हर ईमारत की एक बेसिक फाउंडे ान होती है। बाबू जी ने जो बुनियाद रखी वह इतनी मजबूत थी कि वे अपनी उस प्लान के पैसे को पूरा नहीं रख सके, वह इतनी मजबूत थी कि जितने टैक्स मैयर्ज उसमें इन्होंने इन्ट्रोड्यूस किए, वे मेरे भाई संत कंवर और सतबीर सिंह मलिक ने यही फाड दिए। इनकी जो बजट स्पीच थी, उसको यही फाड़ दिया गया। फिर इन्होंने कुछ टैक्स लगाए। (विघ्न) बाबू जी, जब भी टैक्स लगाते हैं तो फार्म सैक्टर की तरफ इनके कदम तेज बढ़ते है। नतीजा यह हुआ कि उन सारे टैक्सिज को इनको विदड्रा करना पड़ा। मारा इन्होंने किन–किन को था ? पहले तो हलवाइयों को इन्होंने लिया। हलवाई बेचारे कितना टैक्स दे सकते थे ? उनको इनसे मुक्त कराया। फिर रोड टैक्स इन्होंने लगाया, इम्पोर्ट पर लगा दिया और परचेज पर लगा दिया। (विघ्न)

श्री मूल चन्द जैनः स्पीकर साहब, जो टैक्स मैंने लगाया था उसको इस गवर्नमैंट ने पहले तो गलती से वापिस कर लिया था लेकिन अब उसे फिर कंसाइनमेंट टैक्स के रूप में लगा रहे हैं और फिर भी मेरी नुक्ताचीनी कर रहे हैं। (विघ्न)

चौधरी खुर ीद अहमदः स्पीकर साहब, इनके समय में तो यदि कोई आदमी मवे ाी मेले में गाय लेने चला जाता था या बैल का सौदा करलेता था तो उसे भी टैक्स देना पड़ता था। (विघ्न)

श्री मूल चन्द जैनः मियां जी आप तो एक महीने से फाईनैंस मिनिस्टर बने हैं। आप को पता ही क्या है कि फाईनैंस क्या होता है ?

चौधरी खुर ीद अहमदः स्पीकर साहब, मैं बाबू जी से पूरी हमदर्दी रखता हूं। मुझे तो एक दो महीने से चांस मिला है लेकिन बाबू जी को दो दो बार चांस मिल लिया है लेकिन फाईनैंस इतना कम्पलिकेटिड सबजैक्ट है कि इसे ये अब तक समझ नहीं पाएं। (विघ्न) वैसे ये बुजुर्ग हैं, जंजाब में अपने समय मे ंफर्स्ट भी आए थे लेकिन अब करें क्या, उमर का तकाजा है। साथ ही साथ स्पीकर साहब, अगर ना उम्मेदी ज्यसादा बढ़ जाए तो इन्सान में फसट्रे ान भी आ जाती है। स्पीकर साहब बजट पर बोल ते बोलते एक मौका ऐसा आया कि बाबू जी बहुत जजबाती हो गए। मेरी समझ में नहीं आया कि ये कहना क्या चाहते हैं ? मुझे तो ऐसा लगा कि ये किसी का सिर फोडेंगे। (विघ्न) इन्हौंने यह भी कहा कि भाूख हड़ताल पर बैठ कर मैं जान दे दूंगा। बाबू जी हम आपकी इज्जत करते हैं। (विघ्न)

श्री मूल चन्द जैनः ला एण्ड आर्डर की सिचुए ान के लिए तो कुछ करो। (विघ्न) हिसार में जो कुछ हो रहा है, जहां से चीफ मिनिस्टर स्वयं ताल्लुक रखते हैं, उसके लिए कुछ करो। मेरी हंसी उड़ाने की बजाए ला एंड आर्डर की सिचुए ान के बारे में आपको कुछ सोचना चाहिए। (विघ्न)

चौधरी खुर ीद अहमदः स्पीकर साहब, ला एण्ड आर्डर की सिचुए ान पर बोलते बोलते बाबू जी इतने जजबाती हो गए कि बजाए कोई हल बताने के ये खुद खुदकु ी कर लें तो मैं नहीं समझता कि इसमें कौन सी मरदानगी है ? इतना ना उम्मीद होने की कोई जरूरत नहीं है।

Mr. Speaker: Let us leave the law and order situation and restirct ourselves to the budget.

चौधरी खुर ीद अहमदः जनाब, सो ाल प्रोग्राम जितना भी लोगों की भलाई के लिए हमने इंट्रोड्यूस किया हे, वह मैं आपके सामने रखने जा रहा हूं। मेरे साथ राठी साहब ने, जिनके पास भी कुछ दिन इस महकमे का चार्ज रहा है, कहा कि हरिजनों के लिए क्या किया गया है ? सर, हरिजनों के बारे में, बैकवर्ड क्लासिज के बारे में, पिछडे हुए लोगों के बारे मे हमने जो कुछ यिका है उसके बारे में हाउस के सामने बहुत सी बाते आ चुकी हैं लेकिन मैं भी उन सारी स्कीमों का जिक्र यहां करना चाहूंगा, जो गरीब लोगों के लिए हमने तैयार की हैं। सबसे पहले हरिजन कल्याण निगम के तहत हमने यह किया है कि जो लोग गरीबी की रेखा से नीचे हैं उनकी कम से कम दस हजार फैमिलीज को एक साल के अन्दर हम कर्जे देंगे। वह कर्जा क्या होगा ? वह टोटल कर्जा नहीं हेागा जैसा कि हमारे साथियों ने समझा है। जो हम दैंगे, वह सबसिडी होगी। उसके हिसाब से बैंकों और दूसरे लोगों से कर्जे दिलाएंगे। बाबू जी ने हिसाब

लगाया कि इन लोगों की बाआदी 32 लाख है और लगभग 3 लाख 21 हजार फैमिलीज है। इनके हिसाब से इनको कवर करने में लगभग 32 साल लगेंगे। लेकिन यह बात नहीं है। हम करीब 50 हजार फैमिलीज को हर साल कवर करेंगे और सात साल में तमाम फैमिलीज को वकर करके गरीबी की रेखा से ऊपर ले जाएंगे। (विघ्न) हरिजन कल्याण निगम की तरफ से 10 हजार और ऐडि ानल फैमिलीज को हम कर्जा देंगे। वह कर्जा इसके अलावा होगा। स्पीकर साहब, बैकवर्ड क्लासिज निगम को एक करोड़ रूपया हमने दिया है। (विघ्न एंव भाोर)

स्पीकर साहब, 1981–82 की हमारी जो योजनाएं हैं, हमारी जो स्पै ाल कंपोनैंट प्लान्ज हैं उनके तहत 35 करोड़ 57 लाख रूपया एक साल के अन्दर हमने हरिजनों के उत्थान के लिए लगाना है। इतनी बड़ी रकम इस क्लास की बहबूदी के लिए पहली बार खर्च की जा रही है। (सताधारी पक्ष से प्र ांसरा) स्पीकर साहब, पुरानी स्कीमें भी चल रही हैं जैसे 1980–81 में हमने गरीब हरिजन लड़कियों को दस रूपये फी लड़की के हिसाब से वजीफा दिया है। (विघ्न) इस तरह से अध्यक्ष महोदय, हमने हरिजनों के लिए बहुत काम किया है। आज से पहले कभी भी एक साल के अन्दर हरिजनों के लिए इतना काम नहीं हुआ था। आज हम इस बात को कह सकते हैं कि इन तमाम चीजों को करने के बाद सात साल के अन्दर इन लोगों को हम गरीबी की रेखा से ऊपर ले जाने में कामयाब हो जाएंगे।

जनाव स्पीकर साहब, ऐग्रीकल्चर के बारे में मेरे आनरेबल साथ चौधरी सतबीर सिंह मलिक ने, जो स्वयं भी फाईनैंस मिनिस्टर रह चुके हैंख जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उन्हौंने क्राप इं योरैंस स्कीम बनाई थी। सारे कागजात मैंन मंगवाए और देखे लेकिन उनमें क्या निकला ? इन्होनें कहा था कि एक रूपया फी एकड़ लेकर हम क्रोप इं योरैंस करा देंगे। (विघ्न) एक कोई कमेटी बनी थी, उसके ये भी मैम्बर थे। जनरल इं योरैन्स कार्पोरे ान के सामने इन्होंने तजवीज पे ा की कि एक रूपया फी एकड़ हम देंगे और आप सिर्फ ओंलो के अगेन्सट जमींदार को फसलों का बीमा कर दीजिए। लेकिन जी.आई.सी. ने उस स्कीम को मंजूर नहीं किया। इस तरह से वह स्कीम इनके वक्त में ही समाप्त हो गई। आज हमारी बातचीत जी.आई.सी. के साथ चल रही है। आज हम नहीं चाहते कि सिर्फ एक कैलेमिटी के अगेन्सट इं योरैन्स हो। जो गरीब किसान अपनी मेहनत और पसीने से खेत में फसल बोते हैं लेकिन वे उसकी पूरी प्रोडक ान नहीं ले पाते हैं उसके लिए हमने यह किया है कि जमींदारों को कम्पनसै ान दिया जाये। जी.आई.सी. से हमारी बातीचीत चल रही है। कल तक की जो हमारी स्टेज थी, उसकी पोजी ान यह है कि वे कुछ कम्पैक्ट एरिया को लेना चाहिते हैं यानि कुछ तहसीलों केा ले लेंगे। वे कहते हैं कि जिस तरह से दूसरे सूबों में कया, उसी तरह से यहां भी करेंगे। दी स्टेट्स हैं जहां पर जी.आई.सी. के माध्यम से क्राप्स की इन्‍ योरेन्स हुई है। हम पहले पैडी और बाजरे की क्राप्स को इस स्कीम के तहत लेना चाहते हैं। हमारी

स्कीम है कि चाहे किसी तरह से भी फसल का नुकसान हो जाये उसका मुआवजा इन्‍ योरेन्स कम्पनी और सरकार मिल कर किसान को दें यानि किसान के नुकसान को पूरा किया जाये। किसी प्रकार की भी कलैमेटी हो जाये उसके लिए पूरा पैसा दिया जाये।

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। पैडी और बाजरे की फसल के टाईम पर तो ओले नहीं पड़ते हैं। गेहूं और चने की फसल के टाईम पर ओले पड़ते हैं, इन फसलों का बीमा होना चाहिए। सरसों की फसल का भी इससे नुकसान हो सकता है।

Mr. Speaker: I draw your attention to Sub-rule (6) of Rule 112 which says:-

"(6) A member shall not raise a point of order:-

(a) to ask for information, or

(b) to explain his position....."

So, this is no point of order.

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह था कि पैडी और बाजरे की फसल के समय तो ओले पड़ते ही नहीं है। (ाोर)

श्री अध्यक्षः वे यह कह रहे हैं कि ओलों से यह किसी भी चीज से किसानों को नुकसान होगा, उसके लिए इन्‍ यारैन्स

की जायेगी। उस नुकसान का सारा पैसा जी.आई.सी. और सरकार देगी।

चौधरी खुर ाीद अहमदः मैं फिर हाउस को बताना चाहता हूं कि किसान को किसी भी तरह का नुकसान हो, हम क्राप इन्- योरैन्स स्कीम के तहत उस नुकसान को देंगे।

स्पीकर साहब, हमारे साथी चौधरी रण सिंह मान ने बहुत अच्छी सुजै ांज दी है। उन्हें ज्यादा आपटीमिस्ट नहीं होना चाहिए। हम जो वायदे करते हैं उन्हें प्लान के अन्दर पूरा करने की कोि ा ा करते हैं यही तो हमारी सरकार का कमाल है। हर डिवैल्पमैंट पसन्द सरकार का यह कार्य है कि जो भी बात कहे, उसे पूरी करे। हमारे से पहले जो सरकार थी, उसके चीफ मिनिस्टर पहले दो घूंट मार कर सो जाया करते थे। (हंसी)

एक सदस्यः घूंट मार कर नहीं, गोली खा कर सो जाया करते थे। (हंसी)

चौधरी खुर ाीद अहमदः चलो गोली खा कर सोया करते होंगे लेकिन हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ऐसे हनीं है। स्पीकर साहब, चौधरी रण सिंह मान ने जो तजवीज हाउस में रखी है कि किसानो, मजदूरों और गरीब लोगों का कर्जा माफ किया जाना चाहिए, यह बात करागर नहीं हो सकती। कर्जा माफ करना तो किसी भी सरकार के बस की बात नहीं हे। कर्जा माफ करने के बारे में तो गवर्नमैंट आफ इंडिया की तरफ से भी क्रिटिसिज्म हुआ

है। हां, यह तो हो सकता है कि मुसीबत के टाईम पर उनको रिलीफ दिया जाये। उनके कर्जो को पोस्टपोन कर दिया जाये या इन्ट्रैस्ट माफ कर दिया जाये लेकिन पूरे कर्जे को माफ नहीं किया जा सकता।

उन्होंने एक बात यह भी बतायी कि मैचिंग ग्रान्ट्स के केसिज बहुत ज्यादा पैडिंग हैं। मैं, जो उन्होंने मिसाल दी थी उसके ारे मे ंबताना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि भिवानी जिले में चिड़िया गांव है। वाहं पर लोगों ने कुछ पैसा जमा करके सरकार को दिया था लेकिन उसके बदले में सरकार ने ग्रान्ट नहीं दी। मैं हाउस की तथा श्री रण सिंह जी की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि उनका जो एस्टीमेंट आया था, वह सैंक ान हो गया लेकिन उस पैसे से जितनी उनकी रिकवायरमैंट थी, वह पूरी नहीं होती थी। जितना उनका ग्रान्ट का हक बनता था, वह हमने पूरा दे दिया था। हमने उनको दो लाख 56 हजार 416 रूपये दे दिये लेकिन वहां पर जो बिल्डिंग बनेगी उससे वह पूरी नहीं होती है। उसका खर्चा फालतू बनता है। इसलिये मैं यह कहूंगा कि बाकी जो कम्पोनेन्ट है अगर उसका एक हिस्सा वे अपने आप दे देंगे तो दो हिस्से मैचिंग के तोर पर हम दे देगें। हमने पूरी तफती ा करायी है, उनको मैंचिंग ग्रान्ट दे दी है। अगर फालतू एस्टीमेट बनता है तो उसके लिए वे पैस इकट्ठे करें, उनको सरकार की तरफ से जो मैचिंग ग्रान्ट बनेगी, वह दे दी जायेगी।

बैठक का समय बढ़ाना

श्री अध्यक्षः क्या बैठक का समय 10 मिनट के लिए और बढ़ा दिया जाए ?

आवाजें: ठीक है जी, बढ़ा दें।

Mr. Speaker: The time of the sitting is extended by ten minutes.

वर्श 1981–82 के बजट पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ)

चौधरी खुर ाीद अहमदः स्पीकर साहब, एजुके ान के बारे में भी यहां पर जिक्र आया था कि 95 परसैन्ट घाटे को सरकार पूरा करे। इस बारे मे सरकार ने फैसला ले लिया है और बहुत से जो स्कूलों के बारे में दूसरी मांग आयी थी, उसको भी पूरा किया है। एजुके ान के बारे में मैं कह सकता हूं कि एजुके ान हैड पर आज तक किसी भी सरकार ने इतना पैसा खर्च नहीं किया, जितना इस साल इस सरकार ने किया है।

हैल्थ डिपार्टमैंट के बारे में भी कुछ साथियों ने जिक्र किया कि अब तक क्या क्यसा प्रोग्रैस हुई है। खासतौर पर कैप्टन मांगे राम ने जिक्र किया है। उन्होंने झज्जर में 25 बैड्ज की बजाए पचास बैड्ज के हस्पताल की मांग की है। इसके लिए स्कीम चल रही है। इस हस्पताल में छः बैड्ज एड करके 31 बैड्ज का बना दिया है। वहां पर जैसे जैसे जरूरत पड़ेगी, पूरा करेंगे।

मैडिकल कालेज रोहतक के बारे में भी बहुत सी बातें कही गई हैं। यहां पर कहा गया कि मैडिकल कालेज की कंटिन्जैन्सी ग्रान्ट बढ़ायी जाये। उसके लिए भी प्रावधान किया हे, कुछ उसे भी बढ़ायेंगे। उस में बहुत से इक्वीपमैंट की इम्प्रूवमैंट करने की भी जरूरत है, उसेक लिए हम कोि ा ा कर रहे हैं। वहां नीरो सरजरी के लिए भी वहां प्रबन्ध होना चाहिए लेकिन हमारी मैडिकल साइंस उतनी एडवांस नहीं हुई है।

कैप्टन मांगे राम जी ने मांग की थी कि वहां पर एक मैकेनाइज्ड लाण्डरी की स्थापना जी जाये। इनका बड़ा अच्छा सुझाव था। अच्छा सुझाव होने के कारण हमने इस काम के लिए इसी बजट में प्रोवीजन कर दिया है।

स्पीकर साहब, किसी भी स्टेट में तब तक इकोनोमी पिक अप नहीं कर सकती जब तक कि इण्डस्ट्रीज की तरफ ध्यान न दिया जाये। हमारे हरियाणा की इकोनोमी प्राइमरली तो एग्रीकल्चर के ऊपर ही बेस करती है लेकिन हमें इसको इन्डस्ट्रिलाइज भी करना पड़ेगा। इससे हमारी दो दिक्कते दूर होगी। एक तो स्टेट में जो कन्जूमर गुडज और दूसरी गुड्ज की प्रोडक ान बढ़ेगी और दूसरी हमारे लोगों को एम्पलायमेंट भी ज्यादा से ज्यादा मिल पायेगी। इस सम्बन्ध में मैं थोड़ से आंकड़े आपके सामने पे ा करूंगा। जिस तरह से स्मला स्केल यूनिट्स हैं उनमें वर्श 1980–81 के अन्दर बढ़ोतरी हुई है। यह बढ़ोतरी तकरीबन 4600 यूनिट्स की है जिससे बहुत से लोगों को

एम्पलाएमैंट मिली है और बहुत सारी प्रोडक ान भी बढ़ी है। इनकी प्रोडक ान की और बढ़ान के लिए स्टेट की तरफ से उन्हें इन्सैनिटव भी दिया जायेगा। जब तक उनकी पूरी मदद नहीं की जायेगी उस समय तक ये पूरी तरह से पनप भी नहीं सकेंगे। हमारी यह उम्मीद है कि स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज के मामले में हमारी स्टेट अन्य स्टेटों से आगे चली जायेगी। हम उनकी सहायता के लिए 15 प्रति ात कै ा सबसिडी की एग्जम्प ान दे रहे हैं। रजिस्ट्रे ान के लिए स्टैम्प डियूटी की भी एग्जम्प ान दे रहे हैं। इसके साथ ही साथ हम उनको 3 साल से लेकर 7 साल तक इलैक्ट्रिीसिटी ड्यिूटी में भी एग्जम्प ान दे रहे हैं। औकट्राय ड्यिूटी परचेज सेल्ज टैक्स में भी एग्जम्प ान दी गई है। प्राईस प्रैफरैन्स में भी उनको 20 प्रति ात की छूट दी गई है और 100 प्रति ात एडी ानल इन्ट्रैस्ट फी लोन भी रखा है। सैन्ट्रल सेल्ज टैक्स में भी उनको छूट दी गई है। इसके साथ ही साथ मार्किटिंग असिस्टैन्स भी उनको दी गयी है। इस तरह से हम चाहते हैं कि हरियाणा के जो मेहनतक ा लोग है जो मेहनत का काम कर रहे हैं, उनको अपनी इकोनोमी बढ़ाने का ज्यादा से ज्यादा मौका मिल सके। जब इस तरह से लोगों को सुविधा मिलेगी तो बेरोजगारी भी काफी हद तक दूर हा जायेगी।

अध्यक्ष महोदय, अब मैं जो बात बाबू मूल चन्द जैन जी ने और दूसरे साथियों ने ला एण्ड आर्डर के बारे में कही थी उसकी ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। ला एण्ड आर्डर के

बारे में यहां पर हमारे और भी बहुत सारे साथियों ने बहुत कुछ बातें कहीं हैं। मैं आपके जरिए माननीय सदस्यों को बताना चाहूंगा कि जो क्रिमिलन केसिज में इस समय वृद्धि हुई है वह केसिज की रिजस्ट्रे ान कराने में कोई दिक्कत न आने के कारण हुई है। पहले लोगों को केस दर्ज कराने में काफी दिक्कत होती थी जिसके कारण वे केस रिजस्टर नहीं करवाते थे लेकिन अब इस सरकार ने उस दिक्कत को दूर कर दिया है। यही वजह है कि इस साल में यानी 1–1–1980 से लेकर 28 फरवरी 81 तक के आंकड़ों में काफी वृद्धि हुई है। इस दौरान में 38885 केस रजिस्टर हुए हैं और पिछले साल इन केसों की संख्या 37646 थी। इस प्राकर से हमारी पुलिस के सामने जैसी स्थिति थी, उसके अनुसार उसने बड़ा अच्छा कार्य किया है और स्थिति पर काबू पाया है। जहां कहीं पर रिकवरी की जरूरत थी, जहां कहीं पर ट्रेस की जरूरत थी, उसके बारे में मैं यह कह सकता हूं हमारी पुलिस ने एक सबूत दिया है और बड़ा हीह अच्छा कार्य किया है। अगर हमारी पुलिस पर कुछ ज्यादा खर्चा हुआ है तो वह पुलिस की बेहतरी के लिए ही हुआ है। हमारी पुलिस ने हर जगह पर ला एझउ आर्डर पर कन्ट्रोल किया है।

स्पीकर साहब, हमारे प्रदे ा के अन्दर ला एण्ड आर्डर की स्थिति अन्य स्टेटों की अपेक्षा कहीं अधिक बेहतर है।

Mr. Speaker: Khurshid Sahib, would you like that time should be extended further.

चौधरी खुर ाीद अहमदः स्पीकर साहब, मैं एक मिनट मं ही खत्म कर देता हूं।

हमारे दूसरे महकमों की भी कारगुजारी बहुत अच्छी है और जिन महकमों के जरिये सरकार की आमदनी बढ़ती है, उनके बारे में भी मैं बताना चाहता हूं। हमारे एक्साइज एण्ड टैक्से ान डिपार्टमैंट की डिफरैन्ट पालिसी के तहत टैक्सों की बहुत ज्यादा कुलैक ान हुई है। जनरल सेल्ज टैक्स और सैन्ट्रल सेल्ज टैक्स में 82 करोड़ 20 लाख से 94 करोड़ 75 लाख रूपये और सारी मदों के तहत पिछले साल के मुकाबिले 157 करोड़ 78 लीाख रूपये से बढ़ कर 171 करोड़ 10 लाख रूपये की आमदनी इस साल फरवरी, 1981 तक हुई है। यहां पर बहुत सी ऐसी बातें पर्सनल रूप से भी कही गई हैं, उनकी बहस में मैं पड़ना नहीं चाहता था लेकिन जब कोई आदमी बहुत नीचे चला जाये और ऐसे आदमियों को हिट करे जो इस हाउस में अपने आपको डिफैन्ड न कर सके तो यह बात ठीक नहीं है। मुझे यह बात इसलिए कहनी पड़ी है कि हमारे एक आनरेबल मैम्बर ने एस.डी.एम., पानीपत के बारे में कुछ बातें कहीं हैं। इतनी गलत ओर बेबुनियाद बातें, उन लोगों के बारे में कही जाये जिनसे पर्सनल झगड़ा हो जाये, बड़ी गलत बात है। मैं यह बता देता हूं कि एक मैम्बर साहब का सीमेन्ट की अलाटमैंट के मामले पर एस.डी.एम. से झगड़ा हुआ। जहां उन्होंने मकान बनाया, वह गलत जगह बनाया। कोर्ट ने स्े आर्डर कर दिया क्योंकि वह

मकान अपनी जायदाद पर नहीं बल्कि म्युनिस्पिल कमेटी की जायदाद पर बना रहे थे। (ोम भोम की आवाजें)

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः स्पीकर साहब, मैं इस बारे में पर्सनल एक्सप्लेने ान देना चाहूंगा।

श्री अध्यक्षः मैं आपको बाद में टाईम दूंगा।

चौधरी खुर ीद अहमदः कोर्ट ने कंस्ट्रक ान स्टे कर दिया। कंस्ट्रक ान स्टे होने के बाद भी जो रिपोर्ट मेरे पास फील्ड से आयी है, उसके मुताबिक यह कहा गया है कि 3 फरवरी को आनरेबल मैम्बर ने वहां पर एस.डी.एम. से कहा कि मझे अढ़ाई सौ बोरी सीमेन्ट का कोटा दिया जाये। एस.डी.एम. ने जवाब दिया कि आपके लिये सिविल सप्लाईज डिपार्टमेंट ने 700 बैग्ज रिकमैंड किये थे जिसमें से 600 बैग्ज आप ले चुके हो, 100 बैग्ज आपको दे दिये जायेंगे। इस पर मैम्बर साहब उस अफसर से नाराज हो गये और उसे धमकी दी गयी कि तुम्हारी खाल असैम्बली के अन्दर उघेडूंगा। जनाब, मैं आपसे यह कहूंगा कि इस आगस्ट हाउस को, इस फोरम को इस बात के लिए इस्तेमाल करना कि फील्ड स्टाफ को यहां पर अननसैसरली क्रिटीसाईज किया जाये, यह कहां तक मुनासिब है। मैं समझता हूं कि फील्ड स्टाफ को धमकी देना कि वह हाउस में उसकी खाल उधेड़गा, यह हाउस की मर्यादा के विरूद्ध हे। अगर कोई अफसर गलत बात करें या कहे तो उसके विरूद्ध राइटिंग में आपको दिया जा सकता है या चीफ मिनिस्टर

साहब को दिया जा सकता है लेकिन इस आगस्ट हाउस का, इस फोरम का गलत इस्तेमाल करना कहां तक जायज है, यह आप खुद ही देख लीजिए। अगर किसी एडमिनिस्ट्रेटर से या किसी अफसर से कोई नाराजगी हो जाती है तो यहां पर उस बात को उछाला नहीं जाना चाहिए।

बैठक का समय बढ़ाना

श्री अध्यक्षः क्या बैठक का समय 5 मिनट के लिए और बढ़ा दिया जाए ?

आवाजें: ठीक है जी, बढ़ा दें।

Mr. Speaker: The time of the sitting is extended by another 5 minutes.

वर्श 1981–82 के बजट पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ)

चौधरी खुर ाीद अहमदः मैं यह कहूंगा कि हाउस को इन चीजों के लिए इस्तेमाल न किया जाये। कल चौधरी राम लाल वधवा भी कुछ गल्त आंकड़े पढ़ गये। जब वे हरियाणा बजट एट ए ग्लान्स के पेज 22 को रैफर कर रहे थे तो वे बात तो पर–कैपिटा इन्कम के आंकड़ों की कह रहे थे लेकिन वास्तव में स्टेट इन्कम के आंकड़े पढ़ गए। उनकी बातों का मं क्यसा जवाब

दूं ? चौधरी रिजक राम की मैं क्या बताऊं (व्यवधान व भाोर) वह तो हमारे घर की बात है। कामरेड भांकर लाल जी ने बड़ा भारी अध्ययन किया 49 करोड़ का डैफिसिट दिखाकर। जो 37 करोड रूपया पिछले साल का कैरी ओवर होना था, उसको भी उसमें भाामिल कर लिया। इतना घाटा उन्हौंने बढ़ा कर दिखा दिया। मैं यह कहूंगा कि उनकी इस गलती के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है लेकिन खुदा के लिए हजूर (श्रीमति सुशमा स्वराज की तरफ इ ाारा करते हुए) वे पढ़ कर तो आ जाया करें, सही तो पढ़ा करें ताकि किसी को उन्हें पढ़ाने की जरूरत ही न पड़े। (हंसीं)

Smt. Sushma Swaraj: On a point of order, Sir. This remark of the Finance Minister is a reflection on the Hon. Member. It should be expunged (Interruptions) It is an aspersion on the Member कि मैं उनको पढ़ाकर लाती हूं। (व्यवधान व भाोर) जैसे वे खुद कुछ जानते ही नहीं हैं।

Mr. Speaker: I will study. If there is something objectionable, I will expunge it.

चौधरी खुर ाीद अहमदः स्पीकर साहब, मैंने किसी का नाम नहीं लिया है ? (व्यवधान व भाोर)

श्री अध्यक्षः मेरा उर्दू का नौलेज इतना ज्यादा नहीं है। मुझे जरा यह तो बता दीजिए कि हजूर का क्या मतलब होता है ?

Ch. Khurshid Ahmed: The most respected, Sir.

श्री वीरेन्द्र सिंहः यह हजूर कौन है ? (व्यवधान व भाोर)

चौधरी खुर ीद अहमदः जिनकी मैं इज्जत करता हूं जिनका मै। आदर करता हूं, उनके लिए मैं यह भाब्द इस्तेमाल करता हूं। स्पीकर सहब, मेरा किसी भी मैम्बर पर आक्षेप करने का मतलब नहीं है, मेरे कहने का मतलब तो यह था कि इनको सही फैक्टस कहने चाहिए थे। जो हमारे कामरेड साहब ने 49 करोड़ का डैफिसिट बताया है, इसमें इन्होंने पिछले डैफिसिट को भी भाामिल कर लिया है।

कामरेड भांकर लालः मैंने कहा था कि सम्पति का ब्यौरा दो। यह जो कारों का और टी.ए. डी.ए. वगैरह का खर्चा है, इसको कम करो।

चौधरी खुर ीद अहमदः हमने अपने बजट में फिजूलखर्ची को कम करने के लिए पिछले पैरा में कहा है कि सेविंग करेंगे। हम 12 करोड़ रूपये की सेविंग करेंगे। इसके अलावा जो दूसरी स्कीमें हैं, उन तमाम स्कीमों के तहत सेविंग करके हमें आ ाा है कि इस 49 करोड़ रूपये के डैफिसिट को हम 30 करोड़ तक ले आयेंगे। इकौनोमी मैयर्ज का एडाप्ट करके और वैस्टफुल एक्सपैन्डिचर को खत्म करके हम इस घाटे का कम करेंगे। बाकी के लिए हम कोि ा ा करेंगे कि वह भी इसी तरह से पूरा हो जाये ताकि हम हरियाणा का निर्माण कर सकें।

वैयक्तिक स्पश्टीकरण

चौधरी सतवीर सिंह मलिक द्वारा

Ch. Satvir Singh Malik: Sir, you had assured me to give some time for personal explanation. Kindly permit me now.

Mr. Speaker: You can give personal explanation for one minute.

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः स्पीकर साहब, पहली बात तो यह है कि एस.डी.एम. से मुझे कोई गिला ि ाकवा नहीं है, कोई मेरी उससे जाति दु मनी नहीं है। मैंने जो बात हाउस के अन्दर बतायी थी, वह वही बात बताई थी जो उन्होंने मुझे कही थी। उसके बाद इन्होंने यह कहा कि म्यूनिस्पिल कमेटी की जमीन पर मकान बनाया .....

वित्त मंत्री (चौधरी खुर ीद अहमद): मैंने यह कहा था कि कोर्ट ने स्टे दिया हुआ है।

चौधरी सतवीर सिंह मलिकः स्पीकर साहब, आपको पता है कि एम.एल.एज. को 60 हजार रूपया गवर्नमैंट की तरफ से मकान बनाने के लिए कर्जा मिल जाता है। वहां से मैंने सर्टीफिकेट लिया है। मौंके पर इंजीनियर म्यूनिसिपल कमेटी ने जाकर देखा है। यह गलत जगह है या ठीक जगह है, यह तो उसने देखना था। नक ाा उन्होंने पास किया। पहले पलिन्थ लैवल तक आय गया और फिर रूफ लैवल तक आ गया और इस समय मेरा मकान

कम्पलीट है। यह राजनैतिक विरोध के कारण यहां पर गलत ब्यानी कर रहे हैं। इनको इस किस्म के एलोगे ान नहीं लगाने चाहिए।

Mr. Speaker: The House is adjourned till 2.30 p.m.

आवाजें: नहीं जी, 3.00 बजे ठीक रहेगा।

Mr. Speaker: All right, the House stands adjourned till 3.00 p.m. today.

13.45 बजे

(The Sabha then adjourned till 3.00 p.m. today i.e. the 24th March, 1981)